page 1_Layout 1 18-09-2026 21:29 Page 1

डेली आवाज़ भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

आवश्यकता

'डेली आवाज़ भारती' को विभिन्न क्षेत्रों में न्यूज़ रिपोर्टरों की आवश्यकता इच्छुक एवं अनुभवी पत्रकार संपर्क करें। मो. +91 98766 79246

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » शनिवार, 19 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :147 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

कई महीने लगातार होता रहा बलात्कार ? : शर्मनाक

एसजीपीसी शिरोमणि अकाली दल के नेता अमरजीत सिंह चावला पर रेप का मामला

डेली आवाज भारती

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (SGPC) के वरिष्ठ सदस्य एवं शिरोमणि अकाली दल के नेता अमरजीत सिंह चावला पर रेप की FIR दर्ज की गई है। बहरीन से आई ने महिला ने चावला पर रेप, बंधक बनाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। श्री आनंदपुर साहबः पंजाब के रूपनगर जिले के पुलिस थाना श्री आनंदपुर साहब में दर्ज एक प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR No. 0149) ने धार्मिक और राजनीतिक हलकों में सनसनी फैला दी है। भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं 64 (बलात्कार), 127(2) (गलत तरीके से बंधक बनाना) और 351(2) (आपराधिक धमकी) के तहत दर्ज इस रिपोर्ट में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (SGPC) के सदस्य अमरजीत सिंह चावला पर एक एनआरआई (NRI) महिला के साथ दुष्कर्म, बंधक बनाकर रखने और जान से मारने की धमकियां देने के गंभीर आरोप लगे हैं पीड़िता जसविंदर कौर (पत्नी जसपाल सिंह, निवासी गांव खेड़ी चाहल, जिला संगरूर) पिछले 25 वर्षों से अपने परिवार के साथ बहरीन में रह रही थी, वह 17 नवंबर 2025 की रात भारत पहुंची 28 नवंबर 2025 से शिरोमणि कमेटी द्वारा उसके ठहरने का प्रबंध तख्त श्री केसगढ़ साहब, श्री आनंदपुर साहब में किया गया महिला की शिकायत के बाद थाना आनंदपुर साहिब ने मामला दर्ज किया है। मामले के तूल पकड़ते ही चावला ने अपने सभी राजनीतिक व धार्मिक पदों से इस्तीफा दे दिया है। FIR दर्ज होने के बाद वह कनाडा चले गए। पंजाब सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, चावला 13 सितंबर को कनाडा पहुंच गए थे। पंजाब पुलिस उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने की तैयारी कर रही थी, इसी दौरान उनके कनाडा पहुंचने की जानकारी सामने आई।

महिला ने क्या आरोप लगाएः

एफआईआर में दर्ज बयान के अनुसार, आरोपी द्वारा प्रताड़ना का यह सिलसिला 03 मार्च 2026 को होला मोहल्ला के दिन शुरू हुआः

पहली घटना (03 मार्च 2026): आरोपी अमरजीत सिंह चावला ने पीड़िता को अपने गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 03 में बुलाया और उसके साथ आई लड़की को कमरे से बाहर भेज दिया, इसके बाद उसने अश्लील हरकतें कीं और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।

देर रात फोन कॉलः आरोपी रात 11-12 बजे फोन करके अश्लील बातें करता था और फोन काटने पर गाली-गलौज व धमकियां देता था

पुलिस शिकायत में पीड़िता ने विभिन्न तारीखों और स्थानों पर दुष्कर्म के आरोप का विवरणः

10 अप्रैल 2026: आरोपी ने पीड़िता को गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 03 में बुलाकर जबरन दुष्कर्म किया

14 अप्रैल 2026: श्री गुरु गोविंद सिंह यात्री निवास के कमरा नंबर 104 में दुष्कर्म किया गया

06 मई 2026 (अमृतसर कांड): रात 8:30 बजे आरोपी पीड़िता को जबरन अपनी गाड़ी में बैठाकर श्री अमृतसर साहब ले गया, जहां श्री गुरु अर्जुन देव निवास के कमरा नंबर 56 में उसके साथ दुष्कर्म किया गया

26 मई 2026: गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 03 में दोबारा जबरन दुष्कर्म किया गया



मैंने न जाने कितने लोग मारे हैं' – खौफनाक धमकियां

जब भी पीड़िता ने विरोध किया, तो आरोपी ने उसे डराते हुए **कहाः**

'मैंने न जाने कितने बंदे मार दिए हैं, तुम किस खेत की मूली हो। अगर तुमने मेरे खिलाफ मुंह खोला तो तुम्हें भी मार दूंगा।' इस खौफ के कारण पीड़िता इतनी मानसिक परेशानी में आ गई कि उसने कई बार आत्महत्या करने का प्रयास किया, लेकिन साथ मौजूद सेवादार ने उसे बचा लिया

कमरों में कैद, बेहोशी और अस्पताल

पीड़िता को 27 फरवरी 2026 से 16 अगस्त 2026 तक भाई बचित्तर सिंह यात्री निवास के कमरा नंबर 20 में रखा गया, और 16 अगस्त 2026 से श्री गुरु गोविंद सिंह यात्री निवास के कमरा नंबर 107 में बंधक बनाकर रखा गया। गलत काम के बाद पीड़िता अक्सर बेहोश हो जाती थी आरोपी के कहने पर सेवादार द्वारा उसे इलाज के लिए भाई जैता जी अस्पताल, श्री आनंदपुर साहब भी ले जाया गया।

19 अगस्त 2026 की सुबह जब पीड़िता की तबीयत बिगड़ी, तो उसे दवाई दिलाने भेजा गया तो पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर सुखबीर सिंह बादल के पी.ए. अवतार सिंह को पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद उसने पुलिस सुरक्षा और अपनी जान-माल की रक्षा की मांग करते हुए थाना श्री आनंदपुर साहब में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर 21 अगस्त 2026 को यह FIR दर्ज हुई।

चावला ने सुखबीर बादल और धामी को भेजा इस्तीफा :

चावला ने गुरुवार (17 सितंबर) को सारे आरोपों को निराधार बताते कहा कि उनके पैरों को संगल बांधने के लिए ये झूठा मामला दर्ज किया गया है। जब तक अदालत उन्हें निर्दोष नहीं बताती तब तक वे सभी पदों से मुक्त रहेंगे।

FIR के बाद अमरजीत सिंह चावला ने एक वीडियो जारी कर आरोपों को बेबुनियाद बताया। चावला ने SGPC सदस्यता और शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल और SGPC अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी को भेज दिया है।

अमरजीत सिंह चावला की बातें...

कुछ लोग हाथ धोकर पीछे पड़े: अमरजीत सिंह चावला ने कहा कि मुझे आज बड़े अफसोस के साथ यह बात कहनी पड़ रही है कि पिछले कुछ समय से कुछ लोग मेरे पीछे हाथ धोकर पड़े हुए थे और इस तरह मेरी छवि खराब करने के प्रयास कर रहे थे। मैं समझता हूं कि जब चुनाव नजदीक आते हैं, तो बहुत कुछ होता है।

रेप की FIR झूठी और निराधारः आज मेरे खिलाफ जो FIR दर्ज करवाई गई है, वह पूरी तरह झूठी और निराधार है। मैं संगत और अपने क्षेत्र के लोगों के बीच रहा हूं। सतगुरु जी ने मुझ पर कृपा करके अपने मेहर भरे हाथ रखे और मुझसे बहुत सेवा ली। मैंने अपनी क्षमता के अनुसार पूरी सेवा की है।

मैं अपनी जत्थेबंदियों और अपने नेताओं को किसी मुश्किल में नहीं डालना चाहता। इस मामले को लेकर जो कहानी गढ़ी गई है, वह अभी अदालत में विचाराधीन है। आने वाले दिनों में पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी। विशेष रूप से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य के पद से, शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद से और अन्य पदों से भी मैं आज इस्तीफा दे रहा हूं। यह मेरी एक बहुत जरूरी जिम्मेदारी बनती है कि मैं ऐसा नैतिक आधार पर करूं।

संघर्ष के दौर से गुजरा, जेल काटीः मैं संघर्ष के दौर से गुजरा हूं। संत जरनैल सिंह की सरपरस्ती में और भाई अमरीक सिंह के साथ रहकर मैंने लंबे समय तक इस संघर्ष में हिस्सा लिया। मैंने जेल भी काटी।

मुझे इस बात का बहुत गर्व है कि जब मुझे इस क्षेत्र में सेवा का अवसर मिला, तो मैंने पूरी निष्ठा और मेहनत से सेवा की।

कई साथी मुझसे कहते थे कि मैं बहुत ज्यादा भाग-दौड़ करता हूं, लेकिन मेरे मन में सेवा करने की इच्छा और शौक था। अब मेरे पैरों में बेड़ियां डालने का प्रयास किया गया है।

मेरे खिलाफ जो भी साजिशें की गई हैं और इसके पीछे जो कुछ चल रहा है, वह सब जल्द ही संगत के सामने आएगा। आज मैं केवल इस एफआईआर के संबंध में यह बताना चाहता हूं कि जब तक यह पूरा मामला स्पष्ट नहीं हो जाता, सच्चाई सामने नहीं आ जाती और मैं आरोपों से मुक्त नहीं हो जाता, तब तक मैं सेवा में वापस नहीं आ सकूंगा।

पुलिस महिला के रिकॉर्ड को खंगाल रही

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, महिला के बयानों के आधार पर मामले की गहनता से जांच की जा रही है। यात्री निवास के रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। फिलहाल इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

पंजाब सरकार के 8 लाख कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए बड़ा त्योहारी तोहफा

भगवंत मान सरकार ने महंगाई भत्ता बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। लगभग आठ लाख कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए एक बड़ी राहत देते हुए, भगवंत मान सरकार ने महंगाई भत्ता (डीए) में 8त्न की वृद्धि की है, जो सितंबर के वेतन से लागू होगी। इस निर्णय की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह कदम कर्मचारियों के कल्याण और सम्मान के प्रति उनकी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिन्हें उन्होंने राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ बताया। मुख्यमंत्री ने वास्तविक मुद्दों के समाधान के लिए कर्मचारी प्रतिनिधियों के साथ अनिवार्य मासिक बैठकों की भी घोषणा की, महिला कर्मचारियों को उनके घरों से 40 किलोमीटर के दायरे में ही पदस्थापन देने की बात कही और इस बात पर प्रकाश डाला कि लगभग 70,000 सरकारी नौकरियां पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त प्रक्रिया के माध्यम से प्रदान की गई हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की, उनकी चिंताओं को सुना और टकराव के बजाय संवाद और समाधान को चुनते हुए निर्णय लिया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने एक्स पर कहा- आज कर्मचारी और पेंशनभोगी संगठनों के साथ एक बहुत ही सकारात्मक बैठक हुई। कर्मचारी हमारे परिवार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, और उनके कल्याण को ध्यान में रखते हुए, हमने महंगाई भत्ता (डीए) में तत्काल 8त्न की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। यह वृद्धि अक्टूबर के वेतन से दिखना शुरू हो जाएगी। हमने पिछली सरकारों से विरासत में मिले लंबे समय से लंबित मुद्दों पर भी चर्चा की, जिनमें वृद्धावस्था पेंशन योजना (ओपीएस), परिवीक्षा अवधि के दौरान वेतन और आशा एवं मध्याह्न भोजन कार्यकर्ताओं से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। इन लंबे समय से लंबित मुद्दों के स्थायी समाधान के लिए हम अक्टूबर के पहले सप्ताह में फिर से मिलेंगे। हमारी सरकार और कर्मचारियों के बीच कोई दूरी नहीं है। हम आपसी संवाद के माध्यम से हर मुद्दे का समाधान करेंगे। हम पंजाब की प्रगति के लिए मिलकर काम करते रहेंगे और एक 'रंगला पंजाब' का निर्माण करेंगे। इंकलाब जिंदाबाद। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि सरकारी कर्मचारियों का कल्याण, सम्मान और जायज चिंताएं उनकी सरकार की प्राथमिकता बनी रहेंगी। उन्होंने कहा, निर्णय के अनुसार, कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को 4-4 प्रतिशत की दो किस्तें जारी की जाएंगी, जिसका लाभ 1 अक्टूबर से उनके वेतन में दिखाई देगा। त्योहारी सीजन से पहले, यह निर्णय हजारों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों और उनके परिवारों को अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।

पंजाब में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू के काफिले पर हमला! अंडे और पत्थर फेंके

- बिट्टू ने एक घर में शरण ली, जिसके बाहर भी बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए थे

डेली आवाज भारती



'आप' पार्टी पर लगाया आरोप, गृहमंत्री से की बात


बटाला। पंजाब में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के काफिले पर शुक्रवार सुबह अचानक हमला हो गया। जानकारी के मुताबिक बटाला के नजदीक स्थित घसीटपुर में कुछ अज्ञात लोगों ने उनके काफिले को निशाना बनाते हुए अंडे और पत्थर फेंके। हालांकि इस पूरी घटना के दौरान रवनीत बिट्टू पूरी तरह सुरक्षित रहे और उन्हें किसी प्रकार की चोट नहीं आई है। घटना के बाद रवनीत बिट्टू ने एक घर में शरण ली, जिसके बाहर भी बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए थे। बिट्टू ने कहा कि वह ऐसे हमलों से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी जान-माल को कोई भी नुकसान पहुंचता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी पंजाब सरकार और पुलिस प्रशासन की होगी। बताया जा रहा है कि यह वारदात उस समय हुई जब रवनीत बिट्टू अमृतसर स्थित श्री दरबार साहिब में माथा टेकने के बाद पठानकोट की ओर जा रहे थे। रास्ते में बटाला के पास उनके काफिले पर असामाजिक तत्वों ने अंडे और पत्थर बरसाना शुरू कर दिया। घटना के तुरंत बाद बिट्टू ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। रवनीत बिट्टू ने इस हमले के पीछे सीधे तौर पर आम आदमी पार्टी (AAP) के कार्यकर्ताओं का हाथ होने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि हमले में शामिल दो लोगों को मौके पर ही पकड़ लिया गया है, जिन्हें पुलिस को सौंपा जाएगा। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए बिट्टू ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पंजाब के डीजीपी गौरव यादव से फोन पर सीधी बातचीत कर सुरक्षा को लेकर चिंता जताई।

कनाडा में पंजाबी व्यक्ति ने पत्नी का किया कत्ल

- जब पुलिस घर में पहुंची तो महिला घायल अवस्था में पड़ी मिली
- पुलिस ने तत्काल प्रभाव से महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया
- पुलिस ने आरोपी पति मनदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया

बच्चों के सामने ही चाकू से किए वार

डेली आवाज भारती



कनाडा के ओंटारियो में 41 साल के पंजाबी व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पहले किसी बात को लेकर बहसबाजी हुई। जिसके बाद गुस्से में आकर पति ने 2 बच्चों और सास के सामने ही पत्नी के पेट पर चाकू से कई हमले किए। जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गई। यह पूरी घटना समरसाइड कम्यूनिटी के चैल्टन रोड की शाम साढ़े 6 बजे की है। पड़ोसियों के मुताबिक उन्होंने चीखने-चिल्लाने की आवाजें सुनी और फिर आरोपी के घर से सास, दो बच्चों के साथ डर के मारे भागती दिखीं। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस घर में पहुंची तो महिला घायल अवस्था में मिली। पुलिस ने तुरंत महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने आरोपी पति मनदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ सेकिंड डिग्री मर्डर केस का मामला दर्ज कर लिया है।

हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी

पड़ोसियों के मुताबिक मनदीप का परिवार इसी घर में रहता था। परिवार में पति-पत्नी के अलावा दो बच्चे और मृतका की मां भी रहती थीं। पुलिस ने आरोपी की तस्वीर जारी नहीं की है। हत्या के पीछे क्या कारण रहा और वारदात से पहले घर में क्या हुआ, जानकारी जांच के बाद ही सामने आएगी।

आप 20 सितंबर से पूरे पंजाब में डोर टू डोर अभियान करेगी शुरू : मनीष सिसोदिया

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान धूरी में खुद डोर टू डोर करेंगे प्रचारः मनीष सिसोदिया

- आप के 2.68 लाख बूथ कमेटी मेंबर्स घर घर जा कर गिनाएंगे मान सरकार के काम- सिसोदिया
- आप सदस्यता अभियान भी किया जाएगा शुरू : मनीष सिसोदिया

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/सुकूम महाजन । आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को 20 सितंबर से पूरे प्रदेश में डोर टू डोर अभियान शुरू करने की घोषणा की, जिसमें 2.68 लाख बूथ कमेटी सदस्य हर घर तक पहुंचकर भगवंत मान सरकार के कामों के बारे में बताएंगे। आप पंजाब प्रभारी ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान धूरी से खुद इस अभियान की शुरुआत करेंगे, जबकि आप 19 सितंबर को लुधियाना में अपने सदस्यता अभियान की शुरुआत करेगी और चुनाव प्रचार पैम्फलेट जारी करेगी। आप पंजाब के प्रधान अमन अरोड़ा और पंजाब के कार्यकारी प्रधान अमनशेर सिंह शेरी कलसी के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आप पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने कहा, ÷भगवंत मान सरकार ने अपने साढ़े चार साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है और 2022 में किए गए सभी चुनावी वादे पूरे किए हैं। 20 सितंबर से 2,68,553 बूथ कमेटी सदस्य पूरे पंजाब में घर-घर जाएंगे और सरकार के कामों व उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाएंगे। आप पंजाब प्रभारी ने कहा, पंजाब में 25,332 बूथ हैं और यह अभियान पूरे प्रदेश की बूथ कमेटियों के माध्यम से चलाया जाएगा। हमारे बूथ नेता और पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर भगवंत मान सरकार द्वारा किए गए कामों के बारे में बताएंगे। किसानों, शिक्षा और निजी स्कूलों के बारे में बात करते हुए मनीष सिसोदिया ने कहा, किसानों को नहरी पानी और दिन के समय बिजली की आपूर्ति से लाभ मिला है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए बेहतर सुविधाएं और अवसर मिल रहे हैं। सरकार ने निजी स्कूलों को माता-पिता से अतिरिक्त फीस वसूलने से रोकने के लिए भी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, युवा, व्यापारी और महिलाएं भी भगवंत मान सरकार के कामों से लाभ उठा रहे हैं। युवाओं को रोजगार के अवसर और खेल सुविधाएं दी जा रही हैं, जबकि व्यापारियों को एक ईमानदार सरकार मिल रही है। आप सरकार की गारंटियों पर मनीष सिसोदिया ने कहा, ÷भगवंत मान सरकार ने बिजली और पानी से संबंधित अपनी गारंटियां पूरी की हैं। हर पूरी हुई गारंटी के परिणामस्वरूप पंजाब के एक औसत परिवार को सालाना 1.82 लाख का फायदा हुआ है। उन्होंने जिक्र किया, पिछली सरकारों ने पंजाब को वित्तीय संकट की ओर धकेला और नशे की समस्या को फैलने दिया। ये मुद्दे भी घर-घर प्रचार के दौरान उजागर किए जाएंगे ताकि लोग पिछली सरकारों और भगवंत मान सरकार के कामों के बीच अंतर को समझ सकें। सदस्यता अभियान की घोषणा करते हुए मनीष सिसोदिया ने कहा, घर-घर प्रचार के साथ-साथ आप पूरे पंजाब में बड़े स्तर पर सदस्यता अभियान भी शुरू करेगी। हमारे स्वयंसेवक लोगों से जुड़ेंगे और सरकार के कामों को सीधे उन तक लेकर जाएंगे।

CMYK

page 2_Layout 1 18-09-2026 20:36 Page 1

सीएम नायब सैनी पंजाब विजिट कम करके हरियाणा की कानून व्यवस्था सुधारने पर ध्यान दें : दुष्यंत चौटाला

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश के इतिहास में अब तक के निचले स्तर पर आई कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया है।

उन्होंने कहा कि बदमाश बेलगाम है और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। दुष्यंत ने कहा कि बीते कल हरियाणवी सिंगर सुदेश रोहिला से बदमाशों ने जान से मारने की धमकी देकर फिरौती मांगी, इसके बाद एक और गायक की गाड़ी पर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। कारोबारियों से हर रोज रंगदारी मांगने की घटनाएं हो रही है। इतना ही नहीं बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके है कि अब तो कोई आम इंसान नई गाड़ी भी खरीद ले तो उससे फोन करके फिरौती मांग ली जाती है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बनती है, लेकिन हालात ये है कि सीएम के आदेश के बावजूद करनाल एनकाउंटर मामले में आज तक दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि ऐसे खराब हालात हरियाणा के कभी नहीं हुए थे, क्योंकि आज लोगों को न्याय के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है और अपराधी सरेआम क्राइम करके फरार हो जाते है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि कानून तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई हो, अगर डीजीपी में कठोर कदम उठाने की हिम्मत नहीं है तो सरकार किसी और को जिम्मेदारी सौंपे। शुक्रवार को पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला हिसार में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज सीएम नायब सिंह सैनी के पास हरियाणा में कोई भी एक बड़ी उपलब्धि गिनवाने के लिए नहीं है, लेकिन पंजाब में जाकर रोजाना झूठ बोल कर आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के इतिहास में अब तक सारे मुख्यमंत्रियों ने जितने पंजाब के दौरे किए थे, उन सभी का रिकॉर्ड पिछले दो साल में अकेले नायब सिंह सैनी ने तोड़ दिया हैं। दुष्यंत चौटाला ने कहा हरियाणा में सरकार द्वारा राइस मिलरों से पिछले साल का चावल का स्टॉक नहीं उठाया जा रहा है।

ग्रीन लैंड, मजीठा रोड पर अनधिकृत होटल निर्माण के खिलाफ एमसीए की सख्त कार्रवाई

डेली आवाज भारती

अमृतसर/केएस बेदी। नगर निगम अमृतसर (MCA) के नगर टाउन प्लानिंग विभाग द्वारा मजीठा रोड स्थित ग्रीन लैंड क्षेत्र में प्रस्तावित होटल साइट पर चल रहे अनधिकृत निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई नगर निगम कमिश्नर (CMC) बिक्रमजीत सिंह शेरगिल (IAS) और अतिरिक्त नगर निगम कमिश्नर डॉ. जय इंदर सिंह के निर्देशों पर, नगर टाउन प्लानर नरिंदर शर्मा की देखरेख में की गई। कार्रवाई करने वाली टीम में असिस्टेंट टाउन प्लानर वरिंदर मोहन और कुलविंदर कौर सहित अन्य फील्ड स्टाफ शामिल थे। नगर टाउन प्लानिंग विभाग के अनुसार, संबंधित साइट पर MCA अधिकारियों द्वारा बार-बार चेतावनी और नोटिस जारी किए जाने के बावजूद निर्माण कार्य जारी रखा जा रहा था। आवश्यक अनुमतियों एवं मंजूरियों के बिना निर्माण जारी रखने के कारण नगर निगम द्वारा संबंधित संपत्ति को पहले ही दो बार सील किया जा चुका था। नगर निगम के निर्देशों का बार-बार उल्लंघन किए जाने को गंभीरता से लेते हुए टाउन प्लानिंग विभाग द्वारा साइट पर आगे की प्रवर्तन कार्रवाई की गई। विभाग ने स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति या डेवलपर स्वीकृत बिल्डिंग प्लान, बिल्डिंग बायलॉज और लागू प्लानिंग नियमों का उल्लंघन करते हुए निर्माण कार्य नहीं कर सकता। ट्रस्ट बिक्रमजीत सिंह शेरगिल ने कहा कि नगर निगम अनधिकृत निर्माण और बिल्डिंग नियमों के उल्लंघन के मामलों में सख्त रुख अपनाएगा। उन्होंने संपत्ति मालिकों, बिल्डरों, डेवलपर्स और अन्य संबंधित लोगों को चेतावनी दी कि सक्षम नगर निगम अधिकारियों से सभी आवश्यक मंजूरियां और क्लियरेंस प्राप्त किए बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू या जारी नहीं किया जाना चाहिए। ट्रस्ट ने स्पष्ट किया कि केवल आवेदन जमा करने या अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू करने से किसी को निर्माण कार्य शुरू करने का अधिकार नहीं मिल जाता। निर्माण कार्य तभी किया जा सकता है जब नगर निगम के सक्षम अधिकारियों द्वारा संबंधित नक्शे और आवश्यक अनुमतियां विधिवत स्वीकृत कर दी जाएं। नगर टाउन प्लानिंग विभाग ने यह भी चेतावनी दी कि सीलिंग आदेशों का उल्लंघन करने, नोटिस जारी होने के बाद भी निर्माण जारी रखने या आवश्यक वैधानिक मंजूरियों के बिना विकास कार्य करने पर लागू कानून के प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जा सकती है। ट्रस्ट ने नागरिकों, बिल्डरों और डेवलपर्स से अपील की कि वे बिल्डिंग बायलॉज और प्लानिंग नियमों का सख्ती से पालन करें तथा किसी भी निर्माण कार्य को शुरू करने से पहले सभी आवश्यक मंजूरियां प्राप्त करें। ट्रस्ट बिक्रमजीत सिंह शेरगिल ने दोहराया कि नगर निगम शहर में अनधिकृत निर्माण के खिलाफ अपनी प्रवर्तन कार्रवाई लगातार जारी रखेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाएगी, ताकि शहर में सुनियोजित विकास और बिल्डिंग नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

औजला बोले- 160 गांवों को मिलेगा साफ पानी, 285 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन से होगी सप्लाई

डेली आवाज भारती

मज्जूपुरा के कद्दोवली वाटर ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट का सांसद गुरजीत सिंह औजला ने किया निरीक्षण, कहा- बाकी काम जल्द पूरा करवाएंगे

अजनाला। सांसद गुरजीत सिंह औजला ने अजनाला क्षेत्र के मज्जूपुरा के नजदीक कद्दोवली में चल रहे वाटर ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। औजला ने कहा कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को साफ और सुरक्षित पीने का पानी उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत करीब 160 गांवों को पानी की सप्लाई से जोड़ा जाना है, जबकि करीब 285 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन के जरिए गांवों तक पानी पहुंचाया जाएगा। औजला ने कहा कि बारिश के दौरान आने वाला गंदा पानी और कई इलाकों में भूजल की खराब गुणवत्ता ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या है। पीने के पानी की खराब गुणवत्ता का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। ऐसे में साफ पानी की व्यवस्था करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सांसद के तौर पर लोगों के बेहतर स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं के लिए जो प्रयास उनके स्तर पर संभव हैं, वे लगातार किए जा रहे हैं। सांसद ने बताया कि यह परियोजना करीब तीन ब्लॉकों के गांवों को कवर करेगी और इसके माध्यम से लगभग 160 गांवों तक पानी की सप्लाई पहुंचाने की योजना है। परियोजना में वाटर ट्रीटमेंट के साथ सप्लाई रिजर्वायर, टैंक और अन्य ढांचा तैयार किया जा रहा है। कुछ स्थानों पर काम पूरा हो चुका है, जबकि कुछ जगहों पर काम अभी बाकी है। औजला ने कहा कि यह एक बड़ा प्रोजेक्ट है और ऐसे प्रोजेक्ट को पूरा करने में समय लगता है। कई बार निर्माण के दौरान छोटी-बड़ी तकनीकी और अन्य समस्याएं सामने आती हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जो काम बाकी रह गया है और जहां भी कोई दिक्कत है, उसे संबंधित विभागों के साथ मिलकर जल्द दूर करवाया जाएगा। औजला ने कहा कि प्रोजेक्ट का बड़ा हिस्सा तैयार हो चुका है और बाकी छोटी-मोटी दिक्कतों को दूर करने के बाद गांवों को जल्द साफ पानी की सप्लाई मिलनी शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों को बोतलबंद पानी खरीदकर पीने की जरूरत न पड़े, बल्कि उन्हें अपने गांव में ही बेहतर गुणवत्ता वाला पानी उपलब्ध हो, यही इस परियोजना का उद्देश्य है। उन्होंने यह भी कहा कि शहरों में भी साफ पानी की सप्लाई से संबंधित व्यवस्था की जा रही है और जहां टैंक आदि तैयार किए जाने हैं, वहां काम को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है।

औजला बोले- पानी की समस्या हो तो सीधे संपर्क करें

सांसद ने ग्रामीणों से कहा कि यदि किसी गांव में पानी की सप्लाई पूरी नहीं हो रही है, पाइपलाइन में समस्या है या परियोजना से जुड़ी कोई अन्य परेशानी है तो वे उनके कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा कंडोवाली के पास बनाए जा रहे परियोजना परिसर में भी अपनी समस्या बताई जा सकती है। औजला ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर समयबद्ध तरीके से समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से परियोजना को पूरा करवाने में सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि साफ पानी उपलब्ध करवाना सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा है।

1320 मेगावाट बिजली खरीद में बदली गईं 86 में से 84 शर्तें, सरकार दे जवाबः कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य तथा उत्तराखंड कांग्रेस की प्रभारी कुमारी सैलजा ने उत्तराखंड की भाजपा सरकार से 1320 मेगावाट बिजली खरीद प्रक्रिया पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना होगा कि पहले यूजेवीएनएल और टीएचडीसी के संयुक्त उपक्रम का प्रस्ताव क्यों रद्द किया गया और उसके बाद बिजली खरीद से संबंधित टेंडर की 86 में से 84 शर्तों में बदलाव किसके हित में किया गया। कुमारी सैलजा ने कहा कि यह कोई सामान्य प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि उत्तराखंड के हितों और सरकारी खजाने से जुड़ा अत्यंत गंभीर मामला है। आरोप है कि टेंडर की लगभग पूरी नियमावली बदलकर ऐसी व्यवस्था बनाई गई, जिसमें 1320 मेगावाट बिजली की पूरी आपूर्ति एक ही बोलीदाता से ली जा सके। इसके साथ ही बिजली संयंत्र का उत्तराखंड में स्थापित होना भी अनिवार्य नहीं रखा गया तथा बिजली की शिफ्टिंग और पारेषण से जुड़ा अतिरिक्त वित्तीय बोझ भी उत्तराखंड के उपभोक्ताओं पर पड़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि इसके बाद अडानी पावर से 1320 मेगावाट बिजली की खरीद के लिए 25 वर्षों की दीर्घकालिक व्यवस्था को मंजूरी दी गई। यह बिजली 5.746 रुपए प्रति यूनिट की दर से खरीदे जाने की बात सामने आई है। पूरे अनुबंध की अवधि में इस बिजली खरीद का अनुमानित वित्तीय आकार करीब 1.66 लाख करोड़ रुपए बताया जा रहा है। इतने बड़े और लंबे वित्तीय दायित्व में उत्तराखंड को बांधने से पहले सरकार को टेंडर प्रक्रिया, शर्तों में किए गए बदलावों और उपभोक्ताओं पर पडने वाले वास्तविक बोझ की पूरी जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए थी। कुमारी सैलजा ने सवाल किया कि यूजेवीएनएल-टीएचडीसी के प्रस्ताव को समाप्त करने की आवश्यकता क्यों पड़ी? टेंडर की 86 में से 84 शर्तें किन अधिकारियों और विशेषज्ञों की सिफारिश पर बदली गई?

सेवा, जनभागीदारी और समाज कल्याण का मजबूत माध्यम है सेवा संकल्प अभियान : रणबीर गंगवा

डेली आवाज भारती



हिसार। लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने शुक्रवार को हिसार के सातरोड में नगर निगम द्वारा आयोजित सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने उपस्थित नागरिकों से आत्मीय संवाद किया और परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जनसभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह सेवा, जनभागीदारी और समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के संकल्प को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की और सभी से जनसेवा के इस संकल्प को मिलकर आगे बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने आमजन की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समयबद्ध व त्वरित निवारण सुनिश्चित करने के सख्त दिशा-निर्देश दिए।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नगर निगम मेयर प्रवीण पोपली ने सेवा संकल्प अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आमजन से इसमें बढ़-चढे र भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त डॉ वेद प्रकाश, एक्सईएन जयबीर डूडी, एक्सईएन अमित कौशिक, एमई अमित बेरवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व अधिकारी उपस्थित रहे।

10 हजार रिश्वत लेते हल्का फील्ड कानूनगो गिरफ्तार, एसीबी ने भिवानी तहसील में की कार्रवाई

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (SV&ACB) के उपकेंद्र भिवानी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तहसील भिवानी में तैनात हल्का फील्ड कानूनगो अशोक को` 10,000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हिसार में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसीबी के अनुसार आरोपी के खिलाफ अभियोग संख्या 34, दिनांक 18 सितंबर 2026 दर्ज किया गया है। मामले में आगे की जांच नियमानुसार जारी है। मकान की पैमाइश रिपोर्ट देने के बदले मांगी रिश्वत शिकायतकर्ता ने एसीबी को दी शिकायत में बताया कि हरियाणा सरकार की पंचायती जमीन पर 20 वर्ष या उससे अधिक समय से कब्जे के आधार पर बने मकानों के स्वामित्व संबंधी योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया गया था। शिकायतकर्ता के जानकार का गांव मुण्ढाल खुर्द, जिला भिवानी में पंचायती जमीन पर करीब 25 वर्षों से मकान बना हुआ है। मकान का क्षेत्रफल लगभग 215 वर्ग गज बताया गया है। शिकायत के मुताबिक, मकान की निशानदेही और पैमाइश करवाने के लिए 18 जुलाई 2026 को ऑनलाइन आवेदन किया गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा में 25 स्वर्णिम वर्ष श्सेवा परमो धर्मश् का जीवंत प्रमाण : अनिल विज

डेली आवाज भारती



चण्डीगढ। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने सेवा संकल्प अभियान के तहत ÷आशीर्वाद का दीया÷ कार्यक्रम में गत देर सांय नेता जी सुभाष पार्क में हिस्सा लिया जहां हजारों की संख्या में लोगों ने दीये जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने सुभाष पार्क में नेता सुभाषचंद्र बोस जी की प्रतिमा पर फूल अर्पित कर उन्हें सैल्यूट किया। इसके उपरांत पार्क के ओपन एयर थियेटर में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज हम सुभाष पार्क में एकत्रित हुए हैं और चारो तरफ रोशनी दिखाई दे रही है। यह रोशनी, दीये जो आज सारे देश में, हर गांव में, हर शहर, हर मोहल्ले में आज लोग आशीर्वाद का दीया जलाकर उस महान पुरूष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट कर रहे हैं, जिनका जन्म 17 सितम्बर 1950 में हुआ था। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि 17 सितंबर केवल एक कैलेंडर की तारीख नहीं बल्कि इस तारीख में जन्में नरेंद्र मोदी जी ने हमारी हजारों सालों की संस्कृति ÷सेवा परमो धर्म÷ उसे शाश्वत सच कर दिया। हम 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जो अभियान चला रहे हैं यह उनके सार्वजनिक जीवन में स्वच्छता, सार्वजनिक जीवन स्वच्छता, दृढता, मेहनत करके देश के लिए 25 वर्ष लगाए है उसके लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली ने सिद्ध कर दिया है कि कुछ असंभव नहीं है, आवश्यकता है आपके संकल्प, विश्वास और परिश्रम की। लक्ष्य कोई भी हो, उसको हासिल करने के लिए मेहनत करनी पे ती है, लक्ष्य प्राप्त हो जाए तो भी, यदि लक्ष्य से चूक जाए तो भी मेहनत करनी चाहिए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह करके उन ऊंचाईयों पर हमें पहुंचा दिया जहां बे`-बे` देशों का नाम लिया जाता है और आज हम उन देशों के साथ खे` होते हैं। अभी ब्रिक्स सम्मेलन हुआ जिसमें विश्व की बे ी-बे ी ताकते हमारे प्रधानमंत्री के साथ खे` होकर सारे विश्व को संदेश देने की कोशिश की है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो का बड़ा कदम, रिश्वत लेते पकड़े गए अधिकारियों को दोबारा उसी जिले में पोस्टिंग नहीं दी जाएगी : एसीबी प्रमुख चावला

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और प्रभावी बनाने की दिशा में राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने महत्वपूर्ण पहल की है। एसीबी प्रमुख अरशिंदर सिंह चावला ने बताया कि रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़े गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भविष्य में उसी जिले में दोबारा पोस्टिंग न देने के संबंध में सभी संबंधित सरकारी विभागों को पत्र लिखा गया है। यह निर्णय एसीबी की हाई पावर कमेटी में विचार-विमर्श के बाद लिया गया है और इसे जल्द लागू किया जाएगा। चावला ने कहा कि कई बार ऐसा देखने में आया कि किसी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई होने के बाद कुछ समय पश्चात उसकी दोबारा उसी जिले में पोस्टिंग हो जाती थी। इससे भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई के उद्देश्य और आमजन के विश्वास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसी विषय को गंभीरता से लेते हुए एसीबी की हाई पावर कमेटी में इस मुद्दे पर चर्चा की गई और सरकार के समक्ष आवश्यक कार्रवाई का प्रस्ताव रखा गया। अब सभी सरकारी विभागों को पत्र भेजकर ऐसे मामलों में उसी जिले में दोबारा पोस्टिंग से बचने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। -

वर्ष 2026 में अब तक 138 सफल ट्रैप कार्रवाई : एसीबी प्रमुख ने बताया कि वर्ष 2026 में अब तक 138 सफल ट्रैप कार्रवाई की जा चुकी हैं, जिनमें सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई इस बात का संकेत है कि आमजन अब भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे आ रहा है और एसीबी की कार्रवाई व्यवस्था पर उसका विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि सरकारी अवकाशों को अलग कर देखा जाए तो औसतन लगभग हर दूसरे दिन एक सरकारी अधिकारी या कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंकड़ा केवल कार्रवाई की संख्या नहीं है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि लोग भ्रष्टाचार की शिकायत करने के लिए आगे आ रहे हैं।

21 मामलों में 23 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कठोर सजा : एसीबी प्रमुख ने बताया कि 1 जनवरी 2026 से अब तक 21 मामलों में 23 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न न्यायालयों द्वारा कठोर सजा सुनाई गई है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में केवल गिरफ्तारी तक कार्रवाई सीमित नहीं रहती, बल्कि एसीबी द्वारा मामलों को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाते हुए दोषियों को न्यायालय से सजा दिलाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्यायालयों द्वारा सुनाई गई सजा से यह स्पष्ट संदेश जाता है कि भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई केवल तत्काल गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि कानूनी प्रक्रिया के अंतिम चरण तक प्रभावी पैरवी और फॉलोअप सुनिश्चित किया जा रहा है।

190 भ्रष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची तैयार : चावला ने बताया कि एसीबी द्वारा प्रदेश में ऐसे 190 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची तैयार की गई है, जिनके संबंध में लगातार भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतें अथवा इनपुट सामने आए हैं। ऐसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संबंध में उपलब्ध सूचनाओं का विश्लेषण किया जा रहा है और उन्हें रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि एसीबी का उद्देश्य केवल शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि प्राप्त सूचनाओं और शिकायतों के विश्लेषण के आधार पर भ्रष्टाचार के संभावित स्रोतों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई करना भी है।

भ्रष्टाचार के हॉटस्पॉट की पहचान कर की जा रही लक्षित कार्रवाई : चावला ने बताया कि एसीबी द्वारा विभिन्न विभागों से प्राप्त शिकायतों का लगातार विश्लेषण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि किन



विभागों, कार्यालयों और क्षेत्रों से भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें अधिक प्राप्त हो रही हैं और कौन से क्षेत्र भ्रष्टाचार के हॉटस्पॉट के रूप में सामने आ रहे हैं। हरियाणा में एसीबी के सात पुलिस स्टेशन हैं। इन पुलिस स्टेशनों पर प्राप्त सूचनाओं एवं शिकायतों का विश्लेषण कर उन समस्याओं की पहचान की जाती है, जिनका सामना आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों में करना पड़ता है। इसके आधार पर कार्रवाई के साथ-साथ व्यवस्था में सुधार के लिए भी संबंधित विभागों के साथ समन्वय किया जा रहा है।

आमजन का विश्वास जीतना एसीबी की सबसे बड़ी प्राथमिकता : चावला ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में केवल कार्रवाई करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि आमजन का विश्वास जीतना और उसे बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जब नागरिकों को यह विश्वास होता है कि उनकी शिकायत पर निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई होगी और शिकायत करने के कारण उनका काम प्रभावित नहीं होगा, तभी वे भ्रष्टाचार के खिलाफ सामने आने का साहस करते हैं। उन्होंने बताया कि एसीबी में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाता है। शिकायत पर कार्रवाई के बाद भी उसके फॉलोअप पर ध्यान दिया जाता है, ताकि शिकायतकर्ता का वैध कार्य अनावश्यक रूप से लंबित न रहे और उसे किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

शिकायतकर्ता द्वारा इस्तेमाल राशि की प्रतिपूर्ति के लिए रिवॉल्विंग फंड : एसीबी प्रमुख ने बताया कि ट्रैप कार्रवाई के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराई या इस्तेमाल की गई राशि को लेकर सरकार द्वारा रिवॉल्विंग फंड की व्यवस्था की गई है। इसके लिए अधिसूचना जारी कर प्रक्रिया को पहले की तुलना में सरल बनाया गया है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत शिकायतकर्ता को न्यायालय के समक्ष एक हलफनामा देना होता है कि मामले का अंतिम निर्णय होने पर संबंधित राशि सरकारी खाते में वापस जमा कराई जाएगी। इस व्यवस्था से भ्रष्टाचार की शिकायत करने वाले व्यक्ति पर आर्थिक बोझ कम करने में मदद मिलेगी और वह बिना किसी अतिरिक्त चिंता के भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत कर सकेगा।

शिकायतकर्ताओं की पहचान की पूरी गोपनीयता : चावला ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करने वाले व्यक्ति की पहचान की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपनी पहचान सार्वजनिक नहीं करना चाहता, उसकी पहचान को गोपनीय रखते हुए भी उसे सम्मानित करने तथा कैश रिवार्ड दिया जाता है। उन्होंने कहा कि किसी नागरिक का भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करने के लिए आगे आना महत्वपूर्ण है और ऐसे शिकायतकर्ताओं को प्रोत्साहित करने से अन्य लोग भी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित होंगे।

शिकायत प्रक्रिया को और आसान बनाने के लिए मोबाइल ऐप का ट्रायल : एसीबी द्वारा नागरिकों के लिए शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया को और सरल एवं सुलभ बनाने के उद्देश्य से एक मोबाइल ऐप विकसित करने का ट्रायल चलाया जा रहा है। चावला ने बताया कि कई बार लोगों को एसीबी की हेल्पलाइन का नंबर याद नहीं रहता। प्रस्तावित मोबाइल ऐप में ऐसी सुविधा होगी कि नागरिक एक टच के माध्यम से सीधे हेल्पलाइन से जुड़ सकेंगे। इसके अलावा शिकायतकर्ता की पहचान को सुरक्षित रखने के लिए ह्वञ्चक्र आधारित सुविधाओं सहित अन्य सुरक्षा फीचर्स भी शामिल किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपने जिले से बाहर किसी अन्य जिले में जाता है और वहां उसे भ्रष्टाचार से संबंधित समस्या का सामना करना पड़ता है, तो भी वह सरल तरीके से एसीबी तक अपनी सूचना पहुंचा सके–इसी उद्देश्य से शिकायत प्रणाली को अधिक सुविधाजनक और तकनीक आधारित बनाया जा रहा है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई आगे भी रहेगी जारी : एसीबी प्रमुख ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई एक निरंतर प्रक्रिया है। इसके लिए कार्रवाई, शिकायतकर्ता का संरक्षण, मामलों का फॉलोअप, दोषियों को सजा दिलाना, हॉटस्पॉट की पहचान तथा तकनीक के माध्यम से शिकायत प्रणाली को सरल बनाना–इन सभी पहलुओं पर एक साथ काम किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की कार्रवाई पूरी मजबूती के साथ जारी रहेगी और भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए जाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, आमजन से भी अपील की कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है तो वे बिना भय के एसीबी को इसकी सूचना दें।

CMYK

page 3_Layout 1 18-09-2026 17:00 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ❯❯ शनिवार, 19 सितंबर 2026

अमृतसर के भगतांवाला दाना मंडी में ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी की हत्या

अमृतसर पुलिसकर्मी मर्डर केस में डीजीपी गौरव यादव मौके पर पहुंचे





■ हत्या के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी: गौरव यादव

डेली आवाज भारती

अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) पंजाब के डीजीपी गौरव यादव अमृतसर के भगतांवाला दाना मंडी में ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी की हत्या के मामले में मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया के साथ घटना की जानकारी शेयर की और कहा कि मामले की टेक्निकल और प्रोफेशनल तरीके से जांच की जा रही है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि इससे पहले उन्होंने मृतक पुलिसकर्मी के परिवार से मुलाकात की थी और उनका दुख बांटा था। उन्होंने कहा कि अब तक सामने आए फैक्ट्स के मुताबिक, रात करीब 12-30 बजे गेट हकीमा थाने से राणा मस्ताना इलाके की तरफ एंट्री हुई थी। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि पुलिसकर्मी का दोपहिया वाहन से पीछा किया गया और 30 बोर की पिस्तौल से उन्हें पास से गोली मारी गई। मौके से 30 बोर का एक खोखा भी मिला है, जिसकी फोरेंसिक जांच की जा रही है। डीजीपी ने कहा कि गोली पीठ में, गर्दन के पिछले हिस्से के पास लगी है। हालांकि, मौत का असली कारण पोस्टमॉर्टम के बाद ही पता चलेगा। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं और सीसीटीवी कैमरों के ट्रेल्स को भी फॉलो किया जा रहा है। गौरव यादव ने कहा कि पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है और उम्मीद है कि जल्द ही इस मामले में कोई कामयाबी मिलेगी। उन्होंने साफ किया कि इस घटना में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आशा वर्करों ने 24 सितंबर के प्रदर्शन को लेकर सिविल अस्पताल में की गेट रैली

■ यदि सरकार ने मांगों को पूरा नहीं किया तो चुनाव में भुगतने होंगे गंभीर परिणाम:यूनियन नेता

डेली आवाज भारती



आशा वर्कर अपनी मांगों को लेकर सिविल अस्पताल में गेट रैली करती हुई।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): आशा वर्कर यूनियन फिरोजपुर द्वारा 24 सितंबर को सतौज में मुख्यमंत्री पंजाब के खिलाफ किए जाने वाले धरने में शामिल होने के संबंध में सिविल अस्पताल फिरोजपुर में शुक्रवार को गेट रैली की गई। इस दौरान राजवंत कौर जिला अध्यक्ष ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा काफी लंबे समय से आशा वर्कर यूनियन की मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है और बहुत थोड़े इंसेंटिव पर आशा वर्करों को काम करना पड़ रहा है, इसके साथ ही जो इंसेंटिव मिल रहा है वह भी लगातार चार-चार, पांच-पांच महीने संगठन द्वारा लिखित रूप में देने के बाद मिलता है और आशा वर्कर बिना वेतन के काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकार को वोट लेना था, उस समय आशा वर्करों से वादा किया था कि आशा वर्कर को कम से कम डीसी रेट पर वेतन दिया जाएगा, लेकिन आज पूरे पांच साल बीतने को हैं, पर पंजाब सरकार द्वारा आशा वर्करों को कई बार मीटिंग का समय देकर मांगों से भाग रही है, जिसके संबंध में पूरे पंजाब की आशा वर्कर यूनियन 1680/22बी चंडीगढ़ 24 सितंबर को धरना लगा रही हैं। इसी कड़ी के तहत फिरोजपुर जिले की आशा वर्कर लगभग 100 के करीब फिरोजपुर जिले से इस धरने में रवाना होंगी। उन्होंने कहा कि यदि पंजाब सरकार ने फिर भी मांगें नहीं मानीं तो आने वाले दिनों में पूर्ण रूप से काम बंद करके पंजाब सरकार और पंजाब सरकार के मंत्रियों का चुनावों में विरोध किया जाएगा। इस दौरान आशा वर्करों की मांगों को जायज बताते हुए पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी पंजाब के प्रधान नरेंद्र शर्मा ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा सिर्फ आशा वर्करों के साथ नहीं, पूरे कर्मचारी वर्ग के साथ धोखा किया है। जिसके चलते आने वाले चुनावों में संगठनों द्वारा एकित्रत होकर आम आदमी पार्टी का विरोध किया जाएगा। इस मौके पर अन्य लोगों के अलावा सुनीता, लक्ष्मी, उर्मिला, अभिमला, बलजीत, मंजू उपस्थित थीं।

जीरा एवं मक्खू की पुलिस ने 7 ग्राम हेरोइन के साथ दो को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा एवं मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलो में 2 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 7 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना सदर जीरा के एएसआई शमशेर सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव लोहके कलां के नजदीक से शक के अधार पर लवप्रीत सिंह उर्फलव पुत्र बाज सिंह वासी बहक गुजरां को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामलें में थाना मक्खू के एएसआई सुखदेव सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शमशानघाट के नजदीक से शक के अधार पर गुरजंट सिंह उर्फ जंटा पुत्र सुरजीत सिंह वासी गांव तलवंडी नेपालां को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे शमशेर सिंह व सुखदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने लवप्रीत व गुरजंट पर मामले दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने किया होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक शिविर का उद्घाटन

पंजाब सरकार द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए प्रत्येक जिले में लगाए जा रहे हैं 24 मेडिकल कैंप : सुखवीर सिंह

डेली आवाज भारती





धूरी। जिला प्रशासन संगरूर के प्रयासों के तहत आज धूरी में आयुष शिविर का आयोजन किया गया। इस निःशुल्क होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक शिविर का उद्घाटन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने और स्वास्थ्य सेवाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पंजाब सरकार द्वारा इस वर्ष प्रत्येक जिले में 24 मेडिकल कैंप लगाए जा रहे हैं, जबकि पिछले वर्ष प्रत्येक जिले में 15 शिविर लगाए गए थे। शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों की निःशुल्क चिकित्सा जांच की गई और जरूरत के अनुसार आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक दवाइयां निःशुल्क वितरित की गईं। संत निरंकारी सत्संग भवन में लगाए गए इस शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। यह शिविर निदेशक, होम्योपैथिक विभाग पंजाब, निदेशालय आयुर्वेद पंजाब तथा जिला होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक/यूनानी अधिकारी, संगरूर के सहयोग से आयोजित किया गया। इस प्रयास को सफल बनाने में संत निरंकारी मिशन और स्थानीय समिति द्वारा भी पूर्ण सहयोग दिया गया। इस अवसर पर पंजाब गौ सेवा आयोग के चेयरमैन अशोक लख्खा, वक्फ बोर्ड के सदस्य डॉ. अनवर भसौड़, नगर कार्उंसिल धूरी की अध्यक्ष अमरजोत कौर, गगन जवंधा, रूबल बाजवा, डॉ. राजीव, विनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

धन श्री गुरु नानक देव जी के विवाह पर्व के अवसर पर वर्ल्ड खालसा केयर द्वारा लंगर की सेवा

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): धन श्री गुरु नानक देव जी एवं माता सुलखणी जी के पावन विवाह पर्व को समर्पित बटाला में पहुंच रही संगत की सेवा के लिए वर्ल्ड खालसा केयर की ओर से लंगर की सेवा की गई। वर्ल्ड खालसा केयर के सेवादारों द्वारा कैंप लगाकर संगत को लंगर छकाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में संगत ने लंगर ग्रहण किया। सेवादारों ने पूरी श्रद्धा और सेवा भावना के साथ अपनी सेवा निभाई। इस अवसर पर प्रबंधकों ने कहा कि धन श्री गुरु नानक देव जी के पावन विवाह पर्व के अवसर पर संगत की सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर मानवता की सेवा के कार्य आगे भी जारी रखे जाएंगे।

कौंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके ने करीब 30 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

वार्ड नंबर 15 (पुराना वार्ड नंबर 14) की बदलेगी नुहार

डेली आवाज भारती



कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): शहर की बडाली रोड पर स्थित वार्ड नंबर 15 (पुराना वार्ड नंबर 14) में विकास कार्यों की शुरुआत को लेकर एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वार्ड पार्षद कर्मजीत कौर पम्मी, पूर्व पार्षद परमजीत सिंह पम्मी और नगर कौंसिल के कार्यकारी अधिकारी (ई.ओ.) रजनीश सूद की देखरेख में संपन्न हुआ। इस समारोह में आम आदमी पार्टी के नगर कौंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कुदाली से मिट्टी की खुदाई कर करीब 30 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए कौंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार शहरों और गांवों के लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उनकी अगुवाई में कौंसिल की टीम द्वारा शहर के सभी वार्डों में बिना किसी पक्षपात या भेदभाव के सर्वांगीण विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 30 लाख रुपये के इस प्रोजेक्ट के तहत वार्ड की गलियों, नालियों और पानी की निकासी के लिए नई पाइपें डाली जाएंगी, जिससे वार्ड की नुहार पूरी तरह बदल जाएगी। समारोह के दौरान पूर्व पार्षद परमजीत सिंह पम्मी ने बताया कि वार्डवासियों को पेश आ रही समस्याओं को पार्षद कर्मजीत कौर और उनके द्वारा कौंसिल प्रधान के ध्यान में लाया गया था। उन्होंने विकास कार्य शुरू करवाने के लिए कौंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके और ई.ओ. रजनीश सूद का समूचे वार्डवासियों की ओर से धन्यवाद किया। इस उद्घाटन समारोह के दौरान ई.ओ. रजनीश सूद के अलावा पार्षद दिनेश गौतम, धीरज हैप्पी धीमान, गुरशरण सिंह बिंदरखिया, पार्षद डॉ. अश्वनी कुमार शर्मा, पूर्व पार्षद रमाकांत कालिया (पति पार्षद डॉ. नीति कालिया), बिक्रम सिंह बिल्ला पडियाला (पति पार्षद नीरज राठौर), पार्षद कुलवंत कौर पाबला, पार्षद आशीष कुमार आशू राणा, सुरजीत सिंह धालीवाल और अशोक कुमार सहित शहर की अन्य प्रमुख एवं गणमान्य शख्सियतें भी विशेष रूप से मौजूद थीं।

मोटर के विवाद को लेकर व्यक्ति को मारपीट कर किया जख्मी

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मल्लांवाला की पुलिस ने बीते दिन मोटर के विवाद को लेकर व्यक्ति को मारपीट करके जख्मी करने वाले दोषी व्यक्ति के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता व्यक्ति के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मल्लांवाला के एस.आई बलविन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता देसा सिंह पुत्र बुठा सिंह पुत्र संगा सिंह वासी बस्ती सुनवां दाखली मल्लांवाला ने बताया कि बीते दिन जब वह अपने मोटरसाईकिल पर भाई के बच्चों को स्कूल छोड र वापिस आ रहा था तो रास्ते में अंडर ब्रिज सुनवां के पास सुरजीत सिंह पुत्र जंगीर सिंह वासी मल्लांवाला ने 5-6 व्यक्तियों के साथ मिलकर उसे घेर लिया और उसके साथ मारपीट की। पीड़ित ने बताया कि इस दौरान उसका शोर सुनकर उसका बेटा शविन्द्र सिंह मौके पर आ गया और उसने उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल मक्खू में दाखिल करवाया है।

उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के बदले सुरिंदर पाल सिंह इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नत

■ एस.एस.पी. डॉ. रवजोत ग्रेवाल ने लगाए स्टार; और अधिक निष्ठा व समर्पण के साथ ड्यूटी निभाने के लिए किया प्रेरित

डेली आवाज भारती



संगरूर। पंजाब पुलिस में अपनी ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट, सराहनीय एवं समर्पित सेवाएं निभाने के बदले सुरिंदर पाल सिंह को इंस्पेक्टर रैंक में पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति के उपरांत एस.एस.पी. संगरूर डॉ. रवजोत ग्रेवाल, आई.पी.एस. द्वारा उनके स्टार लगाए गए और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी गई। इस अवसर पर एस.एस.पी. रवजोत ग्रेवाल ने इंस्पेक्टर सुरिंदर पाल सिंह को पदोन्नति की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि पुलिस विभाग में ईमानदारी, अनुशासन, निष्ठा और जनसेवा की भावना के साथ निभाई गई ड्यूटी का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि पदोन्नति जहां किसी अधिकारी द्वारा निभाई गई सेवाओं की मान्यता होती है, वहीं इसके साथ उसकी जिम्मेदारियों में भी वृद्धि होती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इंस्पेक्टर सुरिंदर पाल सिंह अपने नए पद पर भी पूरी लगन, मेहनत और पेशेवर प्रतिबद्धता के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाते हुए पुलिस विभाग की साख को और मजबूत करने में अपना योगदान देंगे। एस.एस.पी. ने कहा कि पुलिस कर्मचारियों और अधिकारियों की अच्छी सेवाएं उनके साथियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनती हैं। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता और लोगों के प्रति संवेदनशीलता के साथ निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर इंस्पेक्टर सुरिंदर पाल सिंह को उनकी पदोन्नति के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और पुलिस विभाग में और बेहतर सेवाओं के लिए शुभकामनाएं दी गई।

4 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाले सामान सहित 2 गिरफ्तार

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय एवं थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान बीते दिन विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 4 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाले सामान सहित 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई गुरदेव सिंह ने ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर पुल नहर मोहनके उताड़ के नजदीक छापेमारी करके वहां से नजीत सिंह पुत्र जोगिन्द्र सिंह वासी गांव हजारा राम सिंह वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामलें संबंधी थाना लक्खोके बहराम के एएसआई त्रिलोक सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मनिंद्र सिह उर्फ मोनू पुत्र गुरशरन सिंह वासी गांव लक्खोके बहराम को नशा करते हुए गिरफ्तार करके उसके कब्जे से सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, 10 रुपए का नोट व लाईटर बरामद किया है। मामलो की जांच कर रहे गुरदेव सिंह व त्रिलोक सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में मनिंद्र व नजीत पर मामले दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

पुलिस ने छापेमारी कर 20 बोतल अवैध शराब सहित 1 को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना छावनी फिरोजपुर की पुलिस ने समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधारर पर शमशानघाट के नजदीक छापेमारी करके वहां से अवैध शराब सहित 1 को गिरफ्तार किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर आबकारी अधिनियम तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना छावनी फिरोजपुर के एएसआई सलविन्द्र सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि दोषी अवैध शराब रखने व बेचने का आदि है और आज भी शमशानघाट रोड पर झाडि ों में शराब रखकर ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके देस राज पुत्र नवाब वासी मकान नंबर 252 लाल कुड़ती फिरोजपुर छावनी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 20 बोतलें अवैध शराब बरामद की है।

काउंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके और हलका इंचार्ज परविंदर सिंह गोल्डी ने संयुक्त रूप से कुराली में पेयजल की किल्लत दूर करने के लिए 45 लाख रुपये की लागत वाले नए ट्यूबवेल का किया उद्घाटन

डेली आवाज भारती



कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): शहरवासियों को साफ-सुथरा एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने और पानी की किल्लत को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से नगर कार्उंसिल कुराली द्वारा विशेष प्रयास किया गया है। इसी कड़ी के तहत वार्ड नंबर 1 के निहोलका रोड पर नए ट्यूबवेल लगाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम वार्ड काउंसलर शालू धीमान, धीरज कुमार हैप्पी धीमान और कार्यकारी अधिकारी रजनीश सूद की देखरेख में आयोजित किया गया। इस समारोह में आम आदमी पार्टी के हलका इंचार्ज परविंदर सिंह गोल्डी और नगर काउंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और संयुक्त रूप से ट्यूबवेल लगाने के कार्य का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए परविंदर सिंह गोल्डी और काउंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके ने बताया कि शहरवासियों की लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या को हल करने के लिए काउंसिल द्वारा कुल चार नए ट्यूबवेल मंजूर किए गए हैं। इसी योजना के तहत आज वार्ड नंबर 1 में पहले ट्यूबवेल का कार्य शुरू करवाया गया है। उन्होंने बताया कि इस नए ट्यूबवेल के निर्माण पर नगर काउंसिल द्वारा लगभग 45 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। ट्यूबवेल के चालू होने से वार्ड नंबर 1 के निवासियों के साथ-साथ आसपास के अन्य वार्डों के लोगों को भी पेयजल की समस्या से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। श्री गोल्डी और श्री ओके ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार शहरों और गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना है, ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस उद्घाटन समारोह के दौरान कार्यकारी अधिकारी रजनीश सूद, एसडीओ तुरन गुप्ता, काउंसलर शालू धीमान, धीरज हैप्पी धीमान, गुरशरण सिंह बिंदरखिया, काउंसलर प्रदीप कुमार रूड़ा, काउंसलर डॉ. अश्वनी कुमार शर्मा, पूर्व काउंसलर रमाकांत कालिया (पति काउंसलर डॉ. नीति कालिया), बिक्रम सिंह बे ा पडियाला (पति काउंसलर नीरज राठौर), गुरपाल सिंह, काउंसलर राजेश कुमार राठौर, राणा सुखबीर सिंह, परमजीत सिंह पम्मी, कृष्ण कुमार, अनिल कुमार एएमई और अशोक कुमार सहित शहर की अन्य प्रमुख एवं गणमान्य शख्सियतें विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

page 4_Layout 1 18-09-2026 20:38 Page 1

जीआरपी ने यात्रियों की सुरक्षा व त्यौहारों के मद्देनजर चलाया जागरुकता एवं सर्च आप्रेशन

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): स्पैशल डीजीपी जीआरपी पटियाला एवं डीएसपी जोनल जीआरपी फिरोजपुर की तरफ से जारी दिशा निर्देशानुसार शुक्रवार को रेलवे यात्रियों की सुरक्षा एवं त्यौहारों के मद्देनजर जीआरपी फिरोजपुर की तरफ से रेलवे स्टेशन फिरोजपुर में यात्री जागरुकता एवं सर्च आप्रेशन चलाया गया। जिस तहत जीआरपी की तरफ से प्लैटफार्मों, ट्रेनोंस, वेटिंग क्षेत्र, मोटरसाईकिल पार्किंग, ऐंट्री, बाहर जाने के रास्ते व शक्की व्यक्तियों की बारीकी से जांच व चैकिंग की गई। मालूम हो कि इस दौरान कोई भी शक्ति व्यक्ति या वस्तु नहीं मिली और जीआरपी अधिकारियों की तरफ से यात्रियों को जागरुक किया गया कि वह किसी भी अनजान वस्तु को ना उठाए और किसी भी शक्की व्यक्ति के दिखने पर तुरंत उसकी सूचना रेलवे पुलिस को दें, ताकि तुरंत कार्रवाई करके किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना को होने से रोका जा सके।



जीआरपी के अधिकारीव कर्मचारी अभियान तहत चेकिंग करते हुए।

आठ वर्षीय कायशा ने शुद्ध मिट्टी से अपने हाथों से बनाई भगवान गणेश की प्रतिमा

तीन दिन-रात की मेहनत के बाद गणेश चतुर्थी पर घर में हुई ग्यारह दिवसीय गणेश स्थापना

डेली आवाज भारती

अमृतसर, सलोनी नेहा गिल) गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर इस्लामाबाद, अमृतसर निवासी आठ वर्षीय कायशा ने अपनी श्रद्धा, रचनात्मक प्रतिभा और मेहनत का अनूठा परिचय देते हुए भगवान गणेश की प्रतिमा अपने हाथों से तैयार कर सभी का ध्यान आकर्षित किया है। कायशा द मिलेनियम स्कूल, अमृतसर की कक्षा चौथी की छात्रा है। कायशा ने भगवान गणेश की प्रतिमा बनाने के लिए शुद्ध मिट्टी का प्रयोग किया और पूरी श्रद्धा एवं समर्पण के साथ उसे अपने हाथों से आकार दिया। प्रतिमा को तैयार करने में उसे करीब तीन दिन और रात तक लगातार मेहनत करनी पड़ी। इस दौरान उसने देर रात तक जागकर पूरी लगन और श्रद्धा के साथ प्रतिमा को अंतिम रूप दिया। कायशा ने बताया कि भगवान गणेश की प्रतिमा बनाते समय



उसे विशेष आध्यात्मिक अनुभूति हुई और उसका मन पूरी तरह गणेश जी की भक्ति में लगा रहा। गणेश चतुर्थी के दिन प्रतिमा की विधिवत पूजा-अर्चना कर उसके घर में ग्यारह दिवसीय गणेश स्थापना की गई। कायशा द्वारा अपने हाथों से तैयार की गई सुंदर प्रतिमा की जानकारी आसपास के लोगों को मिलने के बाद बड़ी संख्या में इलाका निवासी उसके परिवार से मिलने पहुंचे। लोगों ने गणेश जी के दर्शन किए और नन्ही कायशा की कला, श्रद्धा एवं मेहनत की सराहना करते हुए उसका उत्साह बढ़ाया। कायशा के परिवार ने कहा कि इतनी कम उम्र में उसकी भक्ति, लगन और रचनात्मकता देखकर पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। परिवार के अनुसार, भगवान गणेश की प्रतिमा स्वयं तैयार करने के पीछे कायशा का उद्देश्य अपनी श्रद्धा और प्रेम को अपनी कला के माध्यम से व्यक्त करना था। कायशा की यह पहल उसकी धार्मिक आस्था के साथ-साथ रचनात्मक प्रतिभा, धैर्य, मेहनत और संकल्प का भी सुंदर उदाहरण है। इतनी छोटी उम्र में अपनी कल्पनाशक्ति और कला के माध्यम से भगवान गणेश की प्रतिमा तैयार कर कायशा ने न केवल अपने परिवार, बल्कि आसपास के लोगों को भी प्रभावित किया है।

42.67 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाले सामान सहित सात गिरफ्तार

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 42.67 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर थाना सदर फिरोजपुर, थाना आरफके, थाना ममदोट, थाना कुलगड़ी और थाना तलवंडी भाई में एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सदर फिरोजपुर के इंस्पैक्टर विनोद कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर संता सिंह पुत्र सावन सिंह व गुरजट सिंह पुत्र सावन सिंह वासी माछी वाड़ा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 8 ग्राम हेरोइन, थाना आरफके के एएसआई जगतार सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव अटारी के नजदीक से शक के अधार पर मोनिका रानी पत्नी स्व.संजीव कुमार वासी शरीह वाला रोड नजदीक शेरे दी चक्की व वाटर वक्स गुरुहरसहाय को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4.67 ग्राम हेरोइन, थाना तलवंडी भाई के एएसआई सुरजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोषी अकबर सिंह उर्फ गोरा पुत्र हरभजन सिंह वासी बस्ती कुना वाली जीरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 30 ग्राम हेरोइन, थाना कुलगड़ी के हवलदार लवदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान जसशनप्रीत सिंह उर्फ जशन पुत्र बलवंत सिंह वासी गांव रत्ता खेड़ा बाजा कौतवाल को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, 1 दस रुपए का नोट और लाईटर एवं थाना ममदोट के एस.आई अरमिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान नशा करते हुए हरबंस सिंह पुत्र प्यारा सिंह वासी जामा रखईयां हिठाड़ और गुरनाम सिंह पुत्र बलकार सिंह वासी लखा सिंह वाला हिठाड़ को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 1 लाईटर, सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी और 1 पाईपनुमा कागज बरामद किया है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में सभी दोषियों पर मामले दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

गिरफ्तार दोषियों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामलें दर्ज

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष 24 सितंबर को करेंगी फिरोजपुर का दौरा

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन विजया रहाटकर 24 सितंबर 2026 को जिला फिरोजपुर का दौरा करेंगी। इस दौरान वह फिरोजपुर में महिलाओं की सुरक्षा, शिकायत निवारण और विभागों के आपसी संपर्क को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न बैठकों/कार्यक्रमों में भाग लेंगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त दीपशिखा शर्मा ने बताया कि चेयरपर्सन 24 जुलाई को जिला प्रशासनिक परिसर में सिविल और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी और साथ ही नशीले पदार्थों का दुरुपयोग का खतरा-महिलाओं पर पडने वाले बोझ को समझना विषय पर विशेष सैशन में भाग लेंगी। उनके द्वारा स्वयं-सहायता समूहों (एसएचजी) की महिला लाभार्थियों के साथ भी बातचीत की जाएगी। इससे पहले वह जेनेसिस डेंटल कॉलेज में शी-सर्व्ज कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। यह राष्ट्रीय महिला आयोग का क्षमता निर्माण और कैरियर मार्ग दर्शन कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों और रक्षा सेवाओं में करियर बनाने की इच्छा रखने वाली युवा महिलाओं को चयन प्रक्रिया और प्रशिक्षण के मार्गों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष उसी दिन दोपहर 12.30 बजे जिला परिषद, रेलवे कॉलोनी फिरोजपुर के मीटिंग हॉल में राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार के तहत महिला जन सुनवाई की अध्यक्षता करेंगी।

11वें आयुर्वेदिक दिवस पर सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल माना सिंह वाला में सेमिनार आयोजित

डेली आवाज भारती



11वें आयुर्वेदिक दिवस पर सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल माना सिंह वाला में आयोजित सेमिनार में छात्रों को जानकारी देते हुए माहिर।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): डायरेक्टर आयुर्वेद पंजाब डा.रमन खन्ना और जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी फिरोजपुर डा. रूपिन्द्रदीप गिल के दिशा-निर्देशानुसार सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल माना सिंह वाला में 11वें आयुर्वेदिक दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा.राकेश कुमार ग्रोवर, आयुर्वेदिक मेडिकल अधिकारी, पीएचसी मल्ल्वाल द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों, प्रधानाचार्य और स्टाफ को आयुर्वेद और योग से जुडने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने आयुर्वेद के अनुसार सही खान-पान और रहन-सहन संबंधी विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि हमारे दैनिक जीवन में उपयोग की जाने वाली प्राकृतिक वस्तुएं जैसे आंवला, हल्दी, जीरा, अजवाइन, मेथी दाना और तुलसी आदि स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं। उन्होंने इनके उचित उपयोग और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस मौके पर डा.ग्रोवर ने विद्यार्थियों को जंक फूड जैसे पिज्जा, बर्गर, नूडल्स आदि के अत्यधिक सेवन से परहेज करने और प्राकृतिक फल, हरी सब्जियां, दूध, दही, पनीर आदि पौष्टिक आहार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और खेलों से जुडे र स्वस्थ जीवन व्यतीत करने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद का अर्थ केवल बीमारियों का इलाज करना नहीं, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति की तंदुरुस्ती को बनाए रखना भी है। आयुर्वेद और योग स्वस्थ जीवन शैली अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती मोनिका द्वारा डा.राकेश कुमार ग्रोवर का धन्यवाद किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को आयुर्वेद और योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने, नशे से दूर रहने और अच्छे, जिम्मेदार व स्वस्थ नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित डॉक्यूमेंट्री फिल्म विभिन्न गांवों में दिखाई



जीरा के गांवों में श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित डॉक्यूमेंट्री फिल्म देखते हुए गांव वासी।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष अभियान लोगों को गुरु जी के जीवन, संघर्ष, सामाजिक समानता और भाईचारे के संदेश से अवगत कराने के लिए गांव-गांव चलाया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत हलका जीरा के गांव शेर सिंह वाला, गांव बंडाल नौं और ढंडियां कलां में डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई और बड़ी संख्या में लोगों ने यह डॉक्यूमेंट्री फिल्म देखी एवं श्री गुरु रविदास महाराज जी द्वारा दिए समानता, प्रभु भक्ति, मानवता, किरात की महत्ता और सर्व सांझीवालता के संदेश से प्रेरणा हासिल की। डॉक्यूमेंट्री फिल्म में श्री गुरु रविदास महाराज जी के जीवन, सामाजिक सुधारों के लिए उनके अहम योगदान, मानवीय मूल्यों को अपनाने, सामाजिक समानता, विश्व भाईचारे, सेवा और मेहनत के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। मालूम हो कि आने वाले दिनों में तिथि 19 सितंबर को गांव फेरो के, नया जीरा, तिथि 20 सितंबर को गांव चूचकविंड, मरुड़ और क्सोआना में यह डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई जाएगी।

डेरा बाबा नानक रेलवे स्टेशन पर भव्य समारोह के साथ मनाया गया 'स्टेशन महोत्सव'

डेली आवाज भारती



डेरा बाबा नानक रेलवे स्टेशन पर आयोजित स्टेशन महोत्सव में हिस्सा लेते हुए अधिकारी व कर्मचारी।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): रेलवे बोर्ड द्वारा भारतीय रेल के चयनित विरासत स्टेशनों पर उनकी स्थापना के अनुरूप 'स्टेशन महोत्सव' आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत विभिन्न रेलवे जोनों/राज्यों में 103 विरासत स्टेशनों को चिन्हित किया गया इन स्टेशनों पर स्थानीय इतिहास, संस्कृति एवं जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। इसी क्रम में उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल द्वारा डेरा बाबा नानक रेलवे स्टेशन पर आज दिनांक 18 सितंबर 2026 को स्टेशन महोत्सव का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। समारोह के शुरुआत में रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा स्टेशन परिसर में रैली का आयोजन किया गया। इसके उपरांत राष्ट्रगान 'जन गण मन' की प्रस्तुति से समारोह का वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो उठा। कार्यक्रम के दौरान डेरा बाबा नानक रेलवे स्टेशन की ऐतिहासिक यात्रा, विरासत एवं भारतीय रेल में इसके महत्व को प्रदर्शित करने वाली लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। रेलवे टीम (स्काउट्स एवं गाइड्स) द्वारा लोक नृत्य, गीत और नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई जिसके माध्यम से यात्रियों को विरासत संरक्षण, स्वच्छता एवं यात्री सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। स्टेशन महोत्सव के दौरान बच्चों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। यात्रियों एवं आमजन को डेरा बाबा नानक रेलवे स्टेशन की ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराने के उद्देश्य से प्लेटफार्म पर ऐतिहासिक छायाचित्रों/दस्तावेजों की विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में स्टेशन के विभिन्न ऐतिहासिक पड़ावों एवं भारतीय रेल की गौरवशाली यात्रा को प्रदर्शित किया गया।

समारोह के दौरान विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। डेरा बाबा नानक रेलवे स्टेशन की गौरवशाली यात्रा केवल एक भवन या स्टेशन की यात्रा नहीं, बल्कि फिरोजपुर मंडल की ऐतिहासिक पहचान और भारतीय रेल की समृद्ध विरासत का अभिन्न अध्याय है। स्टेशन महोत्सव के माध्यम से इसकी समृद्ध विरासत को संरक्षित करने तथा नई पीढ़ी को रेलवे के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक नितिन गर्ग, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता भूपेन्द्र, वरिष्ठ मंडल अभियंता श्रीमती नवलप्रीत कौर, मंडल कार्मिक अधिकारी बिजेंद्र कुमार, मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुश्री पायल तथा अन्य रेलवे अधिकारी, कर्मचारी एवं यात्रीगण उपस्थित रहे।

एस.बी.एस.एस.यू फिरोजपुर में स्वयम-एन. पी. टी. ई. एल जागरूकता कार्यशाला आयोजित



एस.बी.एस.एस.यू फिरोजपुर में आयोजित स्वयम-एन.पी.टी.ई.एल जागरूकता कार्यशाला प्रवक्ताओं को सम्मानित करते हुए प्रबंधक।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): शहीद भगत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी (एस.बी.एस.एस.यू) फिरोजपुर द्वारा शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा पहलों, ऑनलाइन प्रमाणन पाठ्यक्रमों और अकादमिक क्रेडिट ट्रांसफर प्रणाली के बारे में जागरूक करने हेतु एक स्वयम-एन.पी.टी.ई.एल जागरूकता कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यशाला माननीय वाइस-चांसलर डा.सुरेश शर्मा और संरक्षक डा.राजीव अरोड़ा के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें डा.राजीव कुमार गर्ग ने ओवरऑल कोऑर्डिनेटर और गुरनाम सिंह ने स्वयंम-एन.पी.टी.ई.एल लोकल चैप्टर के एस.पी.ओ.सी के रूप में भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्य वक्ताओं के रूप में डा.अंगना सेनगुप्ता (लोकल चैप्टर कोऑर्डिनेटर आई.आई.टी कानपुर) और लखवीर सिंह खन्ना (सहायक प्रोफेसर जी.एन.डी.ई.सी लुधियाना) विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस दौरान डा.सेनगुप्ता ने संस्थानों के लिए एन.पी.टी.ई.एल लोकल चैप्टरों के महत्व और लाभों पर प्रकाश डाला, जबकि खन्ना ने अपने दस साल के अनुभव के आधार पर डिजिटल शिक्षण प्रणाली और फैकल्टी की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। विचार-विमर्श के दौरान शिक्षकों ने पाठ्यक्रमों में प्रवेश, मेंटरिंग और परीक्षा प्रक्रिया संबंधी अपने प्रश्न साझा किए। समारोह के समापन पर उच्च स्तरीय शिक्षा और कौशल विकास के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दोहराया गया और भाग लेने वाले सभी शिक्षकों को भागीदारी प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

540 मरीजों की जांच कर फ्री शुगर टेस्ट कर बांटी गई मुफ्त दवाइयां



पांचवें आयुष मेडिकल कैंप में मरीजों का जानकारी देते हुए डाक्टर।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): आयुष आयुक्त पंजाब डायरेक्टर ऑफ आयुर्वेदा पंजाब डॉक्टर रमन खन्ना, डायरेक्टर ऑफ होम्योपैथी पंजाब डा.हरिन्द्रपाल सिंह, जिला आयुर्वेदिक और यूनानी अधिकारी डा.रूपिंदरदीप कौर गिल और जिला होम्योपैथी अधिकारी डा.रूपिंदर कौर के योग्य नेतृत्व में पांचवां आयुष मेडिकल कैंप बेरियां वाला गुरुद्वारा ज़ीरा में लगाया गया। इस कैंप के दौरान आयुर्वेदिक विभाग की ओर से डा.जसकंवरप्रीत कौर, डा.प्रवीण कुमार राणा और श्रीमती रूथ, श्रीमती किंदर कौर उपवैद्य और होम्योपैथी विभाग की ओर से डा.सतनाम सिंह गिल, गुरविंदर सिंह, विकास कुमार डिस्पेंसर ने ड्यूटी निभाई। इस कैंप में 540 मरीजों की जांच की गई और फ्री शुगर टेस्ट किए करके उन्हें मुफ्त दवाइयां भी बांटी गई।

मुख्यमंत्री ने फिरोजपुर जिले के प्रगतिशील युवा किसान मनप्रीत सिंह को स. उजागर सिंह धालीवाल पुरस्कार से किया सम्मानित

डेली आवाज भारती



मुख्यमंत्री स.भगवंत सिंह मान किसान मनप्रीत सिंह को अवार्ड देकर सम्मानित करते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर के रहीमे के उत्ताड़ गांव के किसान स.मनप्रीत सिंह पुत्र स.महिंदर सिंह को कृषि विविधीकरण में योगदान और पौध तैयार करने में उनकी प्रगतिशील सोच के लिए पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना द्वारा किसान मेले में स.उजागर सिंह धालीवाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पंजाब के मुख्यमंत्री स.भगवंत सिंह मान, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री स.गुरमीत सिंह खुड्डियां और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मनप्रीत सिंह को प्रदान किया गया। मालूम हो कि मनप्रीत सिंह ने अपने जीवन में अनेक संघर्षों का सामना करते हुए यह मुकाम हासिल किया है। निजी संस्थानों में काम करने और अपनी खुद की करियाना दुकान खोलने के बाद व्यवसाय में कठिनाइयों का सामना करने के बाद, उन्होंने नर्सरी उत्पादन और सब्जी की खेती का व्यवसाय अपनाया। वर्ष 2014-15 से शुरू करके, उन्होंने वर्ष 2020-21 में अपने भतीजे के नाम पर गुरजाप किसान नर्सरी फार्म 1313 का नाम रखा। अपने पेशे को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए, उन्होंने पीएयू-कृषि विज्ञान केंद्र, फिरोजपुर से प्रशिक्षण लिया और लुधियाना स्थित पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखा। अब वह गेहूं-धान के चक्र से बाहर निकलकर 4 एकड़ भूमि पर विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसित किस्मों की सब्जियां और साग उगा रहे हैं। उन्होंने तकनीकी मार्ग दर्शन के साथ फाउंटेन विधि भी अपनाई है। इसके साथ ही वह विभिन्न जिलों के लगभग 100-150 किसानों को मिर्च के पौधें उपलब्ध कराकर फसल विविधता में योगदान दे रहे हैं।

उनका यह पेशा आसपास के गांवों के मजदूरों को रोजगार भी प्रदान कर रहा है। उनके परिवार के पूर्ण सहयोग से, जिसमें पिता स.महिंदर सिंह, माता परमजीत कौर, पंजाब पुलिस में सेवारत भाई गुरप्रीत सिंह और पत्नी गगनदीप कौर शामिल हैं, यह पेशा सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। पीएयू-कृषि विज्ञान केंद्र फिरोजपुर के अधिकारियों ने जिले के इस किसान की आगे की प्रगति की कामना करते हुए कहा कि जिले के अन्य युवा किसानों को उनसे प्रेरणा लेकर फिरोजपुर जिले का नाम रोशन करने के लिए आगे आना चाहिए।

CMYK

page 5_Layout 1 18-09-2026 20:46 Page 1

स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत, 2 अक्टूबर तक ग्रामीण क्षेत्रों में चलेगा विशेष सफाई अभियान

जिला वासी अभियान में पूरा सहयोग दें : इशविंदर जंडू

- गांवों के यूथ क्लबों को आगे आने का दिया न्योता

डेली आवाज भारती



बरनाला, (गोपाल)। सरकार के निर्देशों के अनुसार जल सप्लाई एवं सैनिटेशन विभाग, बरनाला द्वारा जिले के गांवों में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरुआत की गई है। यह विशेष सफाई अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सफाई कार्य करवाए जाएंगे और विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान के तहत जागरूकता सामग्री जारी करते हुए इसकी शुरुआत करवाते हुए जिला योजना बोर्ड के सदस्य एवं युवा नेता इशविंदर सिंह जंडू ने कहा कि 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़े के डंपों तथा अन्य गंदगी वाली जगहों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा कई अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए गांवों के निवासियों, पंचायतों, युवा क्लबों और स्वयंसेवी संगठनों को पूरा सहयोग देना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार या विभागों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों, गलियों, नालियों और सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने में अधिक से अधिक योगदान दें, ताकि गांवों को सुंदर एवं स्वच्छ बनाया जा सके। इस अवसर पर जल सप्लाई एवं सैनिटेशन विभाग से सी.डी.एस. राजीव कुमार और मीना सिद्धू के अलावा विभिन्न नेता एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

'खेलां वतन पंजाब दियां-2026' के तहत टेनिस बॉल क्रिकेट के ब्लॉक स्तरीय मुकाबले आयोजित

डेली आवाज भारती



अमृतसर,(सलोनी नेहा गिल) पंजाब सरकार एवं खेल विभाग पंजाब द्वारा 'खेलां वतन पंजाब दियां-2026' के तहत ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इस वर्ष ब्लॉक स्तरीय खेलों में नई खेल टेनिस बॉल क्रिकेट को भी शामिल किया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला खेल अधिकारी अमृतसर श्री गुरप्रीत सिंह ने बताया कि आज 18 सितंबर 2026 को टेनिस बॉल क्रिकेट के ओपन वर्ग (14 वर्ष से अधिक) लड़कों के Demonstration मुकाबले करवाए गए। ब्लॉक म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन- खालसा कॉलेज अमृतसर में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में खालसा कॉलेज सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम ने पहला तथा खालसा कॉलेज की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। ब्लॉक मजीठा- भंगाली कलां में आयोजित टूर्नामेंट में भंगाली कलां की टीम ने पहला तथा नाग कलां की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया।

ब्लॉक हरशा छीना: जगदेव कलां में आयोजित मुकाबलों में संत करतार सिंह स्पोर्ट्स क्लब ईशापुर ने पहला तथा फ्यूचर स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

ब्लॉक वेरका: वडाला भिट्टेवड में आयोजित टूर्नामेंट में बाबा दीप सिंह स्पोर्ट्स क्लब ने पहला तथा बाबा जीवन सिंह स्पोर्ट्स क्लब ने दूसरा स्थान हासिल किया।

ब्लॉक अटारी: ओलंपियन शमशेर सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल अटारी में आयोजित मुकाबलों में ग्राम पंचायत अटारी ने पहला तथा सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल अटारी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

ब्लॉक चौगावां: लोपोके स्टेडियम अमृतसर में आयोजित टूर्नामेंट में बच्चीविंड की टीम ने पहला, लोपोके की टीम ने दूसरा तथा सारंगड़ा की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया।

जिला खेल अधिकारी श्री गुरप्रीत सिंह ने बताया कि 'खेलां वतन पंजाब दियां-2026' में टेनिस बॉल क्रिकेट को शामिल किए जाने से युवाओं को इस खेल में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक नया मंच मिला है।

पुल निर्माण के लिए कांग्रेस नेता ज्ञान सिंह छत्त ने 51 हजार रुपये किए भेंट

- सरकारों पर सवाल उठाते हुए कहा–जो सरकार पुल नहीं बना सकती, वह पुल संगत के सहयोग से बनाया जा रहा है

डेली आवाज भारती



खारड़, (संदीप अकालगढ़िया): शिव मंदिर जयंती माजरी में बनाए जा रहे पुल के निर्माण के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ज्ञान सिंह छत्त की ओर से 51,000 रुपये की राशि भेंट की गई। इस संबंध में बेनीपाल ग्रुप के एमडी एवं समाजसेवी दलविंदर सिंह बेनीपाल ने जानकारी साझा की। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ज्ञान सिंह छत्त ने कहा कि जिस सरकार से पुल का निर्माण नहीं हो पा रहा, उसी पुल के निर्माण के लिए क्षेत्र की संगत द्वारा धनराशि एकत्रित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे सरकारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते हैं। ज्ञान सिंह छत्त ने विधानसभा क्षेत्र खरड़ में सड़कों की खराब हालत पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में सड़कों की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है और लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर समाजसेवी दलविंदर सिंह बेनीपाल और गांववासियों की ओर से ज्ञान सिंह छत्त का 51 हजार रुपये की सहायता देने के लिए विशेष रूप से धन्यवाद किया गया। उन्होंने कहा कि पुल के निर्माण के लिए संगत और समाजसेवियों का सहयोग महत्वपूर्ण है।

एच.एस आवला फाउंडेशन ने गांवों को मोचरी रैफिजरेटर मुहैया करवाया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): समाज सेवी संस्था एच.एस आवला फाउंडेशन के पदाधिकारियों की तरफ से पूर्व विधायक जलालाबाद रमिन्द्र आवला की अध्यक्षता में बीते दिन गांव मेघा राए उताड़, बस्ती वलु सिंह वाला, मेघा राए हिठाड़, चक्क मादीके, बहादरके व गुरु नानक नगर में मृतकों की देह की संभाल करने के लिए विशेष तौर पर मोचरी रेफ्रिजरेटर मुहैया करवाया गया। मालूम हो कि यह कार्य क्षेत्र वासियों की सुविधा की भलाई के लिए संस्था एवं आवला परिवार की तरफ से उठाया गया अहम कद्म है। जिसके लिए गांव वासियों ने संस्था पदाधिकारियों और रमिन्द्र आवला का अभार व्यक्ति किया।

पंजाब में ग्रेनेड के साथ युवक गिरफ्तार, हाल ही में कनाडा से लौटा था

बिना नंबर की स्कूटी पर फिरोजपुर से फरीदकोट की तरफ आ रहा था

- वहीं नवजोत को रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास से 2 ग्रेनेड मिले
- पता करेंगे-ग्रेनेड कहां से आए व इन्हें किसके कहने पर मंगवाया गया था

डेली आवाज भारती



पंजाब की काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने 2 ग्रेनेड के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नवजोत सिंह उर्फ नव के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी कनाडा में रहता है और 12 सितंबर को ही वापिस लौटा था। उस पर पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों के संपर्क में होने और ड्रोन के जरिए ग्रेनेड मंगवाने का आरोप है। काउंटर इंटेलिजेंस की टीम वीरवार रात फरीदकोट में गश्त और संदिग्धों की जांच कर रही थी। नेहरू स्टेडियम के पास टीम को नवजोत के बारे में सूचना मिली। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की गई। आरोपी बिना नंबर की स्कूटी पर फिरोजपुर से फरीदकोट की तरफ आ रहा था। पुलिस के मुताबिक, नवजोत को रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास से 2 ग्रेनेड मिले। पूछताछ में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि ये ग्रेनेड कहां से आए और इन्हें किसके कहने पर मंगवाया गया था। मामले में स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल, फाजिल्का में केस दर्ज किया गया है।

जालंधर में 4 साल का मासूम 12 घंटे में बरामद, स्कूटी सवार दो युवक बच्चे को ले गए थे

थाना बस्ती बावा खेल में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज

- इलाकों में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को बारीकी से खंगाला
- फुटेज से मिले सुरागों के आधार पर पुलिस का तलाशी अभियान

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिन: बस्ती बावा खेल इलाके से लापता हुए 4 साल के मासूम केशव को कमिश्नरेट पुलिस जालंधर ने करीब 12 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई, सीसीटीवी फुटेज की जांच और स्थानीय लोगों व सोशल मीडिया के सहयोग से बच्चे को सुरक्षित तलाशकर उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया। शुरुआती जांच में सामने आया कि दो व्यक्ति एक्टिवा पर बच्चे को अपने साथ लेकर गए थे। फुटेज से मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने तलाशी अभियान तेज कर दिया। करीब 12 घंटे की लगातार कार्रवाई के बाद बच्चे को सकुशल बरामद करने में सफलता मिली। 17 सितंबर को दोपहर करीब 12 से 2 बजे के बीच थाना बस्ती बावा खेल के अंतर्गत इलाके में 4 वर्षीय केशव घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान स्कूटी पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और बच्चे को अपने साथ ले गए। इसके बाद थाना बस्ती बावा खेल में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई गई।

सीसी फुटेज को बारीकी से खंगाला

जालंधर वेस्ट के एसीपी आतिश भाटिया ने बताया कि बच्चे की तलाश के लिए कई पहलुओं पर काम शुरू किया। घटनास्थल और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को बारीकी से खंगाला गया। जरूरी कानूनी और प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्चे को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया।

'विकसित भारत युवा कनेक्ट नशा मुक्त युवा' कार्यक्रम आयोजित

डेली आवाज भारती



अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) भारत अमृतसर द्वारा सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI), लोपोके में 'विकसित भारत युवा कनेक्टङ्कनशा मुक्त युवा' कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी, अमृतसर (MY भारत, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) श्री प्रणव चावला, ITI लोपोके के प्रिंसिपल श्री जतिंदर सिंह हंस तथा नेशनल यूथ आइकन, MY भारत श्री दिवजोत सिंह अरोड़ा ने युवाओं को संबोधित किया। इस दौरान नशे के दुष्प्रभावों से संबंधित जागरूकता डॉक्यूमेंट्री एवं प्रस्तुतियां भी दिखाई गईं। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने 'नशा मुक्त युवा शपथ' ली और नशे से स्वयं दूर रहने के साथ-साथ अपने परिचितों को भी नशे से दूर रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर युवाओं को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD) क्विज में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया गया। बताया गया कि यह निःशुल्क प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर प्रदान करती है। प्रतियोगिता का अंतिम चरण भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा, जहां देशभर से चयनित 3000 युवा प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ संवाद करने तथा सार्वजनिक नीति एवं शासन से संबंधित अपने विचार साझा करने का अवसर मिलेगा। श्री प्रणव चावला ने बताया कि 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा' अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग सेंटरों एवं ढूंढ्ढ संस्थानों में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री चावला ने बताया कि अमृतसर जिले में सेवा पखवाड़ा-2026 की भी शुरुआत हो गई है, जो 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जिले के विभिन्न ब्लॉकों में रूड्ढ भारत अमृतसर एवं संबंधित युवा क्लबों द्वारा स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, स्वच्छता रैलियां तथा पौधारोपण अभियान आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सेवा पखवाड़े का समापन 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के साथ होगा। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्त युवा शपथ दिलाई गई तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। श्री जतिंदर सिंह हंस ने विद्यार्थियों को अनुशासन के मूल्यों को अपनाने, नशे से दूर रहने तथा MY भारत द्वारा भविष्य में आयोजित की जाने वाली विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

'कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य नहीं', अमृतसर में एएसआई की हत्या पर बोले कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने शुक्रवार को अमृतसर में एएसआई हरजीत सिंह की हत्या पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस घटना से पता चलता है कि पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य नहीं है। कांग्रेस सांसद ने केंद्र व राज्य सरकार से कड़े कदम उठाने की भी मांग की। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने आईएएनएस से कहा, ÷यह बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक पुलिसकर्मी को गोली मारी गई और उनकी जान चली गई। इससे अधिक दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण क्या हो सकता है? यह साफ दिखाता है कि कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य नहीं है।÷ उन्होंने कहा कि पंजाब एक सीमावर्ती राज्य है और यहां बाहरी ताकतों, खासकर हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान का हस्तक्षेप रहता है। ड्रोन के जरिए ड्रग्स और हथियार भी आते हैं। इसलिए, केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की यह जिम्मेदारी है कि वे यह सुनिश्चित करें कि पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति बहुत मजबूत और दुरुस्त रहे।

अमृतसर के भगतनवाला में ड्यूटी के दौरान एएसआई हरजीत सिंह की मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 3 बजे हुई, जब हमलावर अधिकारी के पास पहुंचे और बहुत करीब से उन पर कई गोलियां चलाईं। हमले के बाद हरजीत सिंह को पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वह तरनतारन जिले के रहने वाले थे।पुलिस ने गोलीबारी की परिस्थितियों और हमलावरों की पहचान के बारे में जांच शुरू कर दी है। वहीं, पंजाब में ड्रग्स की स्थिति पर मनीष तिवारी ने कहा कि राज्य को अभी भी एक गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कोई कहता है कि आज पंजाब में ड्रग्स की समस्या नहीं है, तो वह पंजाब के लोगों को गुमराह कर रहा है। मनीष तिवारी ने कहा, ÷जब 1995 में पंजाब में आतंकवाद का दौर खत्म हुआ, तो पाकिस्तान ने नार्को-टेररिज्म का दौर शुरू कर दिया। लोगों को यह पूरी तरह समझने में लगभग डेढ़ दशक लग गया कि क्या हो रहा था। 2009-2010 तक, लोगों को यह एहसास होने लगा कि यह पंजाब और देश को कमजोर करने की एक सोची-समझी साजिश थी। उसके बाद अलग-अलग सरकारों ने स्थिति को किसी तरह नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन अगर कोई कहता है कि आज पंजाब में ड्रग्स की समस्या नहीं है, तो वह पंजाब के लोगों को गुमराह कर रहा है।

कैलाश धाम, नदी पार कराली में 19 सितंबर को लगेगा 16वां विशाल रक्तदान कैंप आज

डेली आवाज भारती



कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): परम पूजनीय संत श्री स्वामी जी महाराज जी की याद को समर्पित 16वां विशाल रक्तदान कैंप 19 सितंबर 2026, दिन शनिवार को कैलाश धाम, नदी पार, कुराली में लगाया जा रहा है। कैंप को लेकर तैयारियां की जा रही हैं और क्षेत्र की संगत से इसमें बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की गई है। रक्तदान कैंप का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2-30 बजे तक रखा गया है। इस मौके पर ब्लड बैंक पीजीआई, चंडीगढ़ की विशेष मेडिकल टीम पहुंचकर रक्तदान करवाएगी तथा रक्तदान करने वाले लोगों की जरूरी जांच भी की जाएगी। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान मानवता की सेवा का एक महान कार्य है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद मरीज की जान बचाने में काम आ सकता है। हादसे, बीमारी, ऑपरेशन या किसी एमरजेंसी के समय मरीजों को रक्त की जरूरत पड़ती है। ऐसे समय में रक्तदानियों द्वारा दिया गया रक्त बहुत कीमती साबित होता है। स्वामी शिव स्वरूप आत्मा चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.), कुराली की ओर से करवाए जा रहे इस 16वें विशाल रक्तदान कैंप में शहर व आसपास के गांवों की संगत, नौजवानों, समाजसेवियों और क्षेत्र निवासियों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की गई है। आयोजकों ने कहा कि स्वस्थ और योग्य लोगों को इस नेक कार्य के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने सभी क्षेत्र निवासियों से अपील की कि 19 सितंबर को कैलाश धाम, नदी पार, कुराली में पहुंचकर रक्तदान करें और मानवता की सेवा में अपना योगदान दें।

अमृतसर में 25 साल के युवक की गोली मारकर हत्या, 50 कदम पर ही थी पुलिस चौकी

- घटना वीरवार देर रात करीब 10:50 बजे की है
- वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है
- बेटा रात में घर से सब्जी लेने के लिए निकला था

डेली आवाज भारती



अमृतसर। अमृतसर के कोट खालसा इलाके में कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए बदमाशों ने एक 25 साल के युवक की सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी। हैरान करने वाली बात यह है कि यह वारदात कोट खालसा पुलिस चौकी से महज 50 कदम की दूरी पर अंजाम दी गई। घटना वीरवार देर रात करीब 10-50 बजे की है, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही इस्लामाबाद थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। मृतक की पहचान साहिल गिल के रूप में हुई है, जो जोमैटो में डिलीवरी बॉय का काम करता था। साहिल के पिता मुख्तियार सिंह ने बताया कि उनका बेटा रात में घर से सब्जी लेने के लिए निकला था। घर से महज 40 कदम की दूरी पर एक्टिवा सवार दो अज्ञात युवकों ने उस पर अंधाधुंध कई राउंड फायरिंग कर दी। एक गोली साहिल के सीने में जा लगी, जिसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

वारदात के करीब 10 मिनट बाद मोहल्ले के लोगों ने परिवार को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन गंभीर रूप से घायल साहिल को तुरंत अमनदीप अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। साहिल की शादी दो साल पहले ही हुई थी और उसका एक साल का छोटा बच्चा है। इलाके के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 18-09-2026 16:26 Page 1

{{ राधा अष्टमी आज



राधा रानी को जन्मदिन आयो...


पूजा के लिए मिलेगा 49 मिनट का मुहूर्त

राधा रानी की पूजा और उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए राधा अष्टमी का दिन बेहद शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यह तिथि राधा रानी के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है। हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को राधा अष्टमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन राधा रानी और भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। भक्त इस अवसर पर उपवास रखते हैं और विधि-विधान से पूजा करने के साथ दान-पुण्य के कार्य भी करते हैं। माना जाता है कि राधा रानी की श्रद्धापूर्वक पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है और जीवन में प्रेम बढ़ता है। हालांकि, इस साल राधा अष्टमी की तारीख को लेकर लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में आइए जानते हैं कि वर्ष 2026 में राधा अष्टमी कब मनाई जाएगी और पूजा के लिए शुभ समय क्या रहेगा।



राधा अष्टमी 2026

भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 18 सितंबर को दोपहर करीब 1 बजे शुरू होगी और 19 सितंबर को दोपहर 3 बजकर 26 मिनट पर समाप्त होगी। उदयातिथि के आधार पर राधा अष्टमी का व्रत 19 सितंबर 2026 को रखा जाएगा। राधा अष्ट पर पूजा का शुभ मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 50 मिनट से 12 बजकर 39 मिनट तक रहेगा। इस अवधि में राधा रानी और भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना करना विशेष फलदायी होता है। इसके प्रभाव सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।



राधा अष्टमी की पूजा विधि

राधा अष्टमी के दिन सुबह पूजा स्थल को साफ करके वहां राधा रानी और भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा स्थापित करें।
सबसे पहले राधा रानी और भगवान श्रीकृष्ण को तिलक लगाएं।
इसके बाद उन्हें फल, फूल और भोग अर्पित करें।
राधा-कृष्ण को माखन का भोग लगाएं। इसके साथ ही खीर और अन्य सात्विक प्रसाद भी अर्पित कर सकते हैं।
इसके बाद घी का दीपक और धूप जलाकर पूजा-अर्चना करें।
राधा रानी और भगवान श्रीकृष्ण के मंत्रों का जाप करें।
अंत में आरती करते हुए सुख-समृद्धि की कामना करते हुए पूजा संपन्न करें।

श्री राधा रानी जी की आरती
श्री राधारानी की आरती
आरती राधाजी की कीजै।
कृष्ण संग जो कर निवासा, कृष्ण करे जिन पर विश्वासा।
आरती वृषभानु लली की कीजै। आरती
कृष्णचन्द्र की करी सहाई, मुंह में आनि रूप दिखाई।
उस शक्ति की आरती कीजै। आरती
नंद पुत्र से प्रीति बढ़ाई, यमुना तट पर रास रचाई।
आरती रास रसाई की कीजै। आरती
प्रेम राह जिनसे बतलाई, निर्गुण भक्ति नहीं अपनाई।
आरती राधाजी की कीजै। आरती
दुनिया की जो रक्षा करती, भक्तजनों के दुख सब हरती।
आरती दुःख हरणीजी की कीजै। आरती
दुनिया की जो जननी कहावे, निज पुत्रों की धीर बंधावे।
आरती जगत माता की कीजै। आरती
निज पुत्रों के काज संवारे, रनवीरा के कष्ट निवारे।
आरती विश्वमाता की कीजै। आरती राधाजी की कीजै ।

बिहार : पंडा जी के घर में परंपरा और सरकारी टेंट सिटी में सुविधा

पितृपक्ष के लिए गयाजी पूरी तरह तैयार

बिहार के गयाजी में 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली



गयाजी। बिहार के गयाजी में 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। पिंडदान और तर्पण के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को आवासन, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है। इस बार श्रद्धालुओं के लिए 44 आवासन स्थल चिन्हित किए गए हैं, जहां करीब 12,070 लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। पितृपक्ष के दौरान गयाजी में देश के विभिन्न हिस्सों के साथ विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसे देखते हुए प्रशासन ने पारंपरिक पंडा आवासों, धर्मशालाओं और होटलों के अलावा बड़े स्तर पर अस्थायी आवासन की व्यवस्था की है। गांधी मैदान में कुंभ मेला की तर्ज पर करीब 2,500 बेड की क्षमता वाली आधुनिक टेंट सिटी तैयार की गई है। यहां श्रद्धालुओं के लिए ठहरने के साथ पेयजल, रोशनी और शौचालय जैसी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला प्रशासन के अनुसार, सभी आवासन स्थलों पर पेयजल, चेंजिंग रूम, शौचालय, स्नानागार, पर्याप्त रोशनी, पंखे और महत्वपूर्ण दूरभाष नंबरों से संबंधित साइनेज की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मेडिकल टीमों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जबकि आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए फायर सेफ्टी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। आवासन स्थलों पर 24 घंटे सफाई की व्यवस्था रहेगी।

सुरक्षा व्यवस्था के तहत प्रमुख आवासन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पुलिस बल और दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को नियमित निरीक्षण करने तथा श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होने देने का निर्देश दिया है। आवासन व्यवस्था में निगमा मोनास्ट्री में सर्वाधिक 2,400, मगध विश्वविद्यालय परीक्षा भवन में 1,200, मानवीकी भवन गया कॉलेज में 800, राम रुचि बालिका इंटर विद्यालय में 520, महावीर इंटर विद्यालय में 500, टी मॉडल इंटर विद्यालय और प्लस टू हरिदास सेमिनरी विद्यालय में 400-400 श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कई विद्यालयों, धर्मशालाओं और अन्य भवनों को भी आवासन स्थल बनाया गया है। पिंडदानियों के लिए पंडा आवास भी महत्वपूर्ण विकल्प होते है। कई पिंडदानी अपने पुरोहित के घर ही रुकते हैं। यहां श्रद्धालुओं को रहने के साथ पिंडदान की सामग्री, वेदी भ्रमण और उनकी भाषा के अनुरूप पुरोहित की सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिल जाती है। गयाजी और बोधगया के निजी होटल भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार हैं।

गणेश चतुर्थी की धूम

10 दिनों तक सार्वजनिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है

नई दिल्ली,। भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को गजानन का आगमन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। हालांकि, यह त्योहार पूरे भारत में मनाया जाता है, लेकिन हर राज्य में इसे मनाने का तरीका अलग-अलग है। कहीं इसे 10 दिनों तक सार्वजनिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है तो कहीं परिवार के साथ पूजा की जाती है। महाराष्ट्र में इस त्योहार की धूम अलग ही अंदाज में देखने को मिलती है, तो दक्षिण भारत में इसे मां गौरी और गणेश भगवान के पवित्र रिश्ते के रूप में देखा जाता है। गोवा में मिट्टी के गणपति और पारंपरिक व्यंजनों के साथ त्योहार मनाते हैं, तो बंगाल और उत्तर भारत में इसका नजारा कुछ अलग ही देखने को मिलता है।

महाराष्ट्र :- यहां पर गणेशोत्सव सांस्कृतिक त्योहार के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व यहां के लोगों के लिए सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक आत्मा का प्रतीक है। प्रदेश का मुख्य आकर्षण मुंबई के विश्व प्रसिद्ध लालबागचा राजा और विशाल पंडालों में सजी भगवान गणेश की भव्य प्रतिमाएं हैं। लालबागचा राजा को 'नवसाचा गणपति' (मनोकामना पूरी करने वाला) कहा जाता है, जिनके दर्शन के लिए देश-विदेश से लाखों भक्त आते हैं। बप्पा को अर्पित किए जाने वाले विशेष नारियल और गुड़ से बने उकडीचे मोदक इस उत्सव का खास स्वाद और आकर्षण हैं।

गोवा :- गणेश चतुर्थी को स्थानीय भाषा में 'चवथ' कहा जाता है। यहां प्राकृतिक चीजों, फलों और सब्जियों से 'माटोली' सजाने की अनोखी परंपरा है। नदी की मिट्टी से बनी गणेश जी की पारंपरिक मूर्तियां घर लाई जाती हैं, जिसके ऊपर जंगली फलों, सब्जियों और औषधीय पौधों की एक अनूठी और सुंदर छत बनाई जाती है, जिसे 'माटोली' कहते हैं। यह प्रकृति के प्रति गोवा के प्रेम को दर्शाता है। पूरे उत्सव के दौरान भगवान गणेश के साथ-साथ माता गौरी (पार्वती) और भगवान शिव की भी पूजा की जाती है। पहला दिन (जिसे 'ताय' कहा जाता है) माता गौरी को समर्पित होता है। उत्सव डेढ़, पांच, सात या नौ दिनों तक चलता है। सातवें दिन कुछ गांवों (जैसे कुम्भारजुआ) में सजी हुई नावों की एक अनोखी झांकी निकाली जाती है। इस त्योहार की सबसे खास मानसूनी मिठाई को चावल के आटे में गुड़ और नारियल भरकर हल्दी के पत्तों में भाप से पकाया जाता है।



कर्नाटक :- गणेश चतुर्थी से एक दिन पहले गौरी हब्बु (माता गौरी की पूजा) की जाती है। फिर दूसरे दिन से बेंगलुरु और हुबली जैसे शहरों में सार्वजनिक पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन और भव्य स्तर पर महागणपति की पूजा होती है। नियमों और परंपरा के अनुसार डेढ़, तीन, पांच या सात दिनों के बाद पूरे हर्षोल्लास के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है।

आंध्र प्रदेश :- गणेश चतुर्थी पर लोग अपने घरों में मिट्टी या हल्दी से बनी भगवान गणेश की छोटी प्रतिमा स्थापित करते हैं। कई जगहों पर विशेष रूप से मैटी विनायकुडु (मिट्टी के गणेश) की पूजा का विधान है। चित्तूर जिले में स्थित प्रसिद्ध वरसिद्धि विनायक स्वामी मंदिर में इस अवसर पर 21 दिनों तक वार्षिक ब्रह्मोत्सव मनाया जाता है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु शामिल होते हैं।

तमिलनाडु :- तमिलनाडु में गणेश चतुर्थी को 'विनायक चतुरथाई' या 'पिल्लैयार चतुरथाई' के नाम से जाना जाता है। तमिल संस्कृति में भगवान गणेश को 'पिल्लैयार' कहा जाता है। यहां उन्हें आम तौर पर एक ब्रह्मचारी देवता के रूप में पूजा जाता है, जो उत्तर भारत या अन्य राज्यों की तरह अपनी पत्नियों (सिद्धि और सिद्धि) के साथ नहीं, बल्कि अकेले पूजे जाते हैं। इस त्योहार का सबसे खास पकवान कोझुकट्टई है, जो मोदक का ही दक्षिण भारतीय तमिल रूप है।

CMYK

page 7_Layout 1 18-09-2026 15:35 Page 1

बहुचर्चित 'निठारी कांड' में बरी हुए सुरेंद्र कोली ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। बहुचर्चित निठारी कांड में मुख्य आरोपी रहे सुरेंद्र कोली नेफांसी लगाकर आत्महत्या की। 11 नवम्बर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने सुरेंद्र कोली को रिहा करने का आदेश दिया था। यह फैसला निठारी हत्याकांड के बाद आया, जिसने साल 2006 में पूरे देश को दहला दिया था, जब नोएडा के निठारी में मोनिंदर सिंह पंढेर की कोठी के पीछे नाले से 19 बच्चों और महिलाओं के कंकाल बरामद हुए थे। इस वारदात ने पुलिस और समाज दोनों को झकझोर कर रख दिया था।मामले में पंढेर और उसके नौकर सुरेंद्र कोली को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने आरोप लगाया था कि कोली बच्चों और महिलाओं को बहला-फुसलाकर लाता था, उनके साथ दुष्कर्म करता और फिर हत्या कर शवों को नाले में फेंक देता था। उल्लेखनीय है कि 7 मई 2006 को निठारी की एक युवती को पंढेर ने नौकरी दिलाने के बहाने बुलाया था। इसके बाद युवती वापस घर नहीं लौटी। युवती के पिता ने नोएडा के सेक्टर-20 थाने में गुमशुदगी का केस दर्ज कराया था। इसके बाद 29 दिसंबर 2006 को निठारी में मोनिंदर सिंह पंढेर की कोठी के पीछे नाले में पुलिस को 19 बच्चों और महिलाओं के कंकाल मिले थे।पुलिस ने मोनिंदर सिंह पंढेर और उसके नौकर सुरेंद्र कोली को गिरफ्तार किया था। बाद में निठारी कांड से संबंधित सभी मामले सीबीआई को स्थानांतरित कर दिए गए थे।

दिल्ली पुलिस ने नार्को-एक्सटॉर्शन नेटवर्क का किया भंडाफोड़, पाकिस्तान में बनी 2 किलो हेरोइन जब्त

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गुजरात क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर एक संयुक्त ऑपरेशन में दिल्ली और गुजरात के बीच चल रहे नार्को-एक्सटॉर्शन नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और पाकिस्तान में बनी 2 किलो हेरोइन बरामद की है, जिसकी कीमत लगभग 12 करोड़ रुपए है। पुलिस ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान रोहित गोदारा और महेंद्र डेलाना गैंग से जुड़े एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान राजस्थान के चुरू के रहने वाले 31 साल के कुलदीप स्वामी के तौर पर हुई है। पुलिस के मुताबिक, स्वामी एक बड़े नार्को-एक्सटॉर्शन नेटवर्क में शामिल था और गुजरात के वडोदरा में दर्ज लगभग 10 करोड़ रुपए की जबरन वसूली के एक हाई-प्रोफाइल मामले में वांछित था।

जांच के दौरान, पुलिस ने 2 किलो अच्छी क्वालिटी की हेरोइन, एक कार और हवाला टोकन वेरिफिकेशन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले नोट बरामद किए।

पुलिस ने बताया कि बरामद गाड़ी में एक गुप्त खाना (कैविटी) भी मिला। जांचकर्ता अब इस नेटवर्क के गैंगस्टर गोदारा और डेलाना के साथ कथित संबंधों और पाकिस्तान स्थित नशीले पदार्थों के नेटवर्क से संभावित कनेक्शन की जांच कर रहे हैं। यह ताजा कार्रवाई दिल्ली पुलिस द्वारा जबरन वसूली, नशीले पदार्थों और हथियारों से जुड़े अपराधों में शामिल आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ चलाए जा रहे कई ऑपरेशनों के बीच हुई है।

इससे पहले, 26 अगस्त को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गोगी गैंग के दो कथित समर्थकों को गिरफ्तार किया था, जो कथित तौर पर जबरन वसूली से जुड़े अपराध करने की योजना बना रहे थे।

पुलिस ने आरोपियों की पहचान नरेला के रहने वाले 22 साल के चिराग और हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले 26 साल के सागर के तौर पर की थी। अधिकारियों ने बताया कि एक सूचना के आधार पर 19 अगस्त को मुनक नहर के पास दोनों को गिरफ्तार किया गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, उनके पास से .32 बोर की सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और चार कारतूस, देसी सिंगल-शॉट पिस्तौल और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए।

दिल्ली में 16 साल की किशोरी की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या, खेत में मिला शव

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । दिल्ली में 16 साल की एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक इस वारदात को चार लोगों ने अंजाम दिया, जिनमें तीन नाबालिग हैं। आरोपियों ने बाद में लड़की के शव को खुले इलाके में फेंक दिया था। पुलिस ने बताया कि शव की हालत इतनी खराब थी कि उसके कुछ हिस्सों को आवारा कुत्तों ने खा लिया था। यह मामला 13 सितंबर को सामने आया जब उत्तरी दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके में कुशक रोड पर जयपाल राणा के खेत के पास एक बुरी तरह सड़ी-गली लाश मिली। शव की हालत ऐसी थी कि पुलिस शुरू में यह भी तय नहीं कर पाई कि शव लड़के का है या लड़की का। जांच में पता चला कि पीड़िता आरोपियों को जानती थी और उनके साथ टेंपो में सफर कर रही थी। पुलिस के अनुसार, सफर के दौरान सभी ने शराब पी और फिर लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया। इसके बाद चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी गई और शव को खुले खेत में फेंक दिया गया। पुलिस ने बताया कि आवारा कुत्तों ने शव के कुछ हिस्से खा लिए थे और पीड़िता का एक हाथ शरीर से अलग पड़ा मिला था। पुलिस ने बताया कि लड़की के परिवार ने उसकी गुमशुदगी की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। पूछताछ में परिजनों ने बताया कि वह कभी-कभी घर से चली जाती थी और कई दिन बाहर रहने के बाद लौट आती थी। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। शुरुआत में कोई चश्मदीद नहीं था और आरोपियों की पहचान भी नहीं हो पाई थी, इसलिए पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। पुलिस ने क्राइम सीन और आसपास के रास्तों पर लगे 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। इस दौरान पुलिस को उस समय के आसपास एक टेंपो आता-जाता दिखा। अंधेरे और साफ न दिखने के कारण उसका नंबर नहीं दिख पाया, लेकिन कई जगहों की फुटेज से उसके रूट को ट्रैक किया गया। 15 और 16 सितंबर की रात भर चले ऑपरेशन के बाद संदिग्ध टेंपो का पता लगाया गया। फिर उसके ड्राइवर से पूछताछ की गई और जांच आगे बढ़ी तो चार आरोपियों को पकड़ा गया, जिनमें तीन नाबालिग शामिल हैं।

वोट चोरी, सरकार चोरी और अब पार्टी चोरी, ये लोकतांत्रिक पतन के प्रतीक', टीएमसी नाम और सिंबल फ्रीज होने पर बोले राहुल

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने तृणमूल कांग्रेस का नाम और चुनाव चिन्ह फ्रीज किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी, सरकार चोरी और अब पार्टी चोरी, ये हमारे लोकतांत्रिक पतन के प्रतीक बन गए हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर पोस्ट किया, ÷पहले शिवसेना, फिर एनसीपी और अब तृणमूल कांग्रेस। हर बार एक ही पैटर्न, भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर एक पार्टी को तोड़ते हैं। फिर उसका चुनाव चिन्ह छीन लिया जाता है।÷ उन्होंने लिखा, ÷जब पूरी की पूरी पार्टी चोरी हो सकती है, तो करोड़ों भारतीयों के वोट चोरी होना भी हैरानी की बात नहीं। वोट चोरी। सरकार चोरी। अब पार्टी चोरी। ये हमारे लोकतांत्रिक पतन के प्रतीक बन गए हैं। इसके साथ ही, राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर हमला बोला। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में कहा, 'चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी जनादेश की रक्षा करना है, मगर उल्टा वो उन ताकतों की मदद कर रहा है, जो जनता के फैसले को ही पलट देते हैं। यह लड़ाई सिर्फ ममता बनर्जी की नहीं है। यह हर राजनीतिक दल, हर मतदाता की लड़ाई है जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव चाहता है। दरअसल, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने तृणमूल कांग्रेस के दोनों गुटों के लिए पार्टी के 'नाम' और 'चुनाव चिह्न' को फिलहाल फ्रीज करने का आदेश दिया है।

60 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को दिल्ली पुलिस ने गुजरात से किया गिरफ्तार

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के सफदरजंग एन्क्लेव पुलिस स्टेशन की टीम ने गुजरात के खेड़ा निवासी 24 वर्षीय आरोपी यश कैलाश बुलचंदानी को गिरफ्तार कर धोखाधड़ी का एक मामला सुलझाया है। ऑपरेशन के दौरान, उसके पास से लगभग 96 ग्राम पिघला हुआ सोना, सोने के दो सिक्के, सोने की एक चेन, हीरे का एक सेट और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी ने एक महीने पहले वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को सफदरजंग एन्क्लेव पुलिस स्टेशन में लगभग 60 लाख की ज्वेलरी और कैश की धोखाधड़ी के संबंध में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले को सुलझाने के लिए एक विशेष टीम बनाई गई। यह टीम इंस्पेक्टर रजनीश कुमार के नेतृत्व में जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि शिकायतकर्ता सोशल मीडिया के जरिए आरोपी के संपर्क में आई थी। आरोपी ने खुद को इन्वेस्टमेंट एक्सपर्ट बताकर उसका भरोसा जीता और बाद में उसे इन्वेस्टमेंट के नाम पर पैसे और ज्वेलरी देने के लिए राजी कर लिया। 9 अगस्त को आरोपी दिल्ली में शिकायतकर्ता से मिला और कथित तौर पर उसका मोबाइल फोन, ज्वेलरी और एक बैग लेकर भाग गया, जिसमें 14 लाख कैश और एक क्रेडिट कार्ड था। जांच के दौरान, पुलिस टीम ने तकनीकी जांच, सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण, उपलब्ध रिकॉर्ड की पुष्टि और संबंधित एजेंसियों के साथ तालमेल बिठाकर लगातार कोशिशें कीं। मिली जानकारी का बारीकी से विश्लेषण और पुष्टि की गई, जिससे आरोपी की पहचान और उसका पता लगाने में मदद मिली।

मिली जानकारी के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने गुजरात के मेहसाणा में छापा मारा और खेड़ा (गुजरात) के रहने वाले 24 साल के आरोपी यश कैलाश बुलचंदानी को गिरफ्तार किया।

ममता बनर्जी गुट को 'फुटबॉल खिलाड़ी' तो ऋतब्रत बनर्जी को मिला 'लिफाफा' चुनाव चिह्न

डेली आवाज भारती



कोलकाता। चुनाव आयोग की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और ऋतब्रत बनर्जी के गुट के नए नामों की घोषणा कर दी गई है। चुनाव आयोग ने ममता बनर्जी की पार्टी को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' जबकि ऋतब्रत बनर्जी के गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' नाम दिया गया है। चुनाव आयोग की ओर से दोनों पार्टियों के चुनाव चिह्न भी अलग-अलग दिया गया है। चुनाव आयोग ने ममता बनर्जी की पार्टी 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' को 'फुटबॉल खिलाड़ी' चुनाव चिह्न दिया है जबकि ममता बनर्जी की पार्टी को पश्चिम बंगाल, मेघालय और त्रिपुरा राज्यों में राजनीतिक दल के तौर पर मान्यता दी है। वहीं, ऋतब्रत बनर्जी की पार्टी 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' को 'लिफाफा' चुनाव चिह्न दिया गया है। उनकी पार्टी को पश्चिम बंगाल, मेघालय और त्रिपुरा राज्यों में राजनीतिक दल के तौर पर मान्यता दी गई है। इससे पहले दोनों गुटों ने चुनाव आयोग को अपने-अपने नए पार्टी नाम और चुनाव चिह्न के विकल्प सौंप दिए थे। एक गुट पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व वाला 'मूल लेकिन अल्पमत' वाला गुट है जबकि दूसरा पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाला 'बागी लेकिन बहुमत' वाला गुट है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने गुरुवार आधी रात के बाद नाम और चिह्न के लिए तीन-तीन विकल्प आयोग को भेजे। वहीं, ऋतब्रत बनर्जी के गुट ने शुक्रवार सुबह अपने विकल्प भेजे थे। चुनाव आयोग ने नए नाम और चिह्न जमा करने की अंतिम समय सीमा शुक्रवार सुबह 11 बजे तक तय की थी। अब आयोग दोनों गुटों के लिए नए नाम और चिह्न फाइनल कर दिया है, जिसका इस्तेमाल दोनों गुट 6 अक्टूबर को होने वाले नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा उपचुनाव में करेंगे। इन उपचुनावों के नतीजे 9 अक्टूबर को आएंगे। यह दोनों सीटें पूर्वी मेदिनीपुर और मुर्शिदाबाद जिले में हैं। हालांकि दोनों गुटों के नेताओं ने शुक्रवार को विकल्प भेजने की पुष्टि की थी लेकिन उन्होंने अपने चुने हुए नामों और चिह्नों के बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया था। दोनों गुटों के नेताओं का कहना था कि वे चुनाव आयोग के ऐलान का इंतजार करेंगे और उसके बाद ही इस पर कुछ कहेंगे। गुरुवार रात चुनाव आयोग ने 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'घास-फूल' वाले चुनाव चिह्न को फिलहाल फ्रीज करने का ऐलान किया था।

साल 2014 से पहले भारत में हताशा और निराशा का माहौल था: राजनाथ सिंह

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि वर्ष 2014 से पहले भारत में हताशा और निराशा का माहौल था। भ्रष्टाचार और कुशासन के कारण आम लोगों का मनोबल टूट चुका था। ऐसे हालात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार बनी। हमने विपरीत परिस्थितियों से घबराने के बजाय उनसे लड़ने का रोडमैप तैयार किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में दुनिया ने कोविड जैसी महामारी का सामना किया और कई युद्ध भी देखे। इससे विश्व की अर्थव्यवस्था बहुत प्रभावित हुई। हमने हर आपदा को अवसर में बदला और आगे बढ़ते रहे। इसका परिणाम है कि भारत आज आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सबने देखा कि हम आज सीमा के पार जाकर भी दुष्टों का अंत कर रहे हैं। आज नक्सलवाद भी लगभग समाप्त हो चुका है। रक्षा मंत्री ने ये बातें 'रामायण-एक महाकाव्य, अनेक कथाएं ÷ भारत और दुनिया में रामकथा' के उद्घाटन समारोह में कहीं। यह तीन दिवसीय सम्मेलन है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भारत एक सभ्यतागत लीडर बनकर उभरा है। आज पूरी दुनिया 'योग दिवस' मना रही है। भारत अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन जैसी पहलों के माध्यम से विश्व को नेतृत्व प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र की सफलता हो या फिर कल्याणकारी योजनाओं की सफलता, आज हम दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत हैं। आज यूपीआई दुनिया की सबसे बड़ी वास्तविक समय भुगतान प्रणाली है और 10 से ज्यादा देश इसे अपना चुके हैं।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से 9.56 लाख घरों को मंजूरी देने का किया आग्रह

डेली आवाज भारती



हैदराबाद । तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को केंद्र से राज्य के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत 9.56 लाख घरों को मंजूरी देने का आग्रह किया। रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ बैठक के दौरान यह मांग रखी मुख्यमंत्री ने पीएमएवाई-जी योजना के तहत पहले चरण में राज्य को 2 लाख घर आवंटित करने के लिए केंद्रीय मंत्री का धन्यवाद किया। रेवंत रेड्डी ने जुलाई में दिल्ली में केंद्रीय मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें 11,56,915 पात्र ग्रामीण परिवारों के लिए घरों की मंजूरी का अनुरोध किया गया था। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से राज्य की मांग के अनुसार बाकी 9.56 लाख घर आवंटित करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के अनुसार, मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को राज्य पर अल नीनो के असर के बारे में जानकारी दी। सीएम ने बताया कि बारिश की कमी के कारण कृषि क्षेत्र में बिजली की खपत बढ़ गई है, जबकि राज्य सरकार ने अल नीनो की स्थिति के बीच पीने के पानी और बिजली की कमी को रोकने के लिए पहले से ही योजनाएं तैयार कर ली हैं।

रेवंत रेड्डी ने कृषि क्षेत्र में अल नीनो से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र से जरूरी मदद का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि अल नीनो की स्थिति को देखते हुए राज्य में किसानों को वैकल्पिक फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने केंद्र से सहयोग का आग्रह किया और किसानों को फसल विविधीकरण (अलग-अलग तरह की फसलें उगाने) के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री को बताया गया कि तेलंगाना देश का एकमात्र ऐसा राज्य है, जो राशन की दुकानों के जरिए गरीबों को अच्छी गुणवत्ता वाला चावल मुफ्त में उपलब्ध करा रहा है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बताया कि अच्छी किस्म के धान के लिए किसानों को 500 रुपये का बोनस देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप 250 एकड़ में फैले फल और सब्जी बाजार की स्थापना की भी घोषणा की। इस मौके पर आवास मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, कृषि मंत्री तुम्माला नागेश्वर राव, मुख्य सचिव संजय जाजू और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

हरियाणा में डिजिटल कनेक्टिविटी को मिली रफ्तार, भारतनेट से जुड़ीं 5,154 ग्राम पंचायतें

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी और दूरसंचार ढांचे के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। प्रदेश की 6,222 ग्राम पंचायतों में से 5,154 यानी 82.84 प्रतिशत ग्राम पंचायतें भारतनेट के दायरे में आ चुकी हैं तथा 45,130 फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन कार्यरत हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज यहां राज्य ब्रॉडबैंड समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए भारतनेट, राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) नियम, 2024, 5जी नेटवर्क के विस्तार तथा दूरसंचार परियोजनाओं की स्वीकृति प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न पहलों की समीक्षा की। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राज्यों को पूंजी निवेश हेतु विशेष सहायता योजना (एसएएससीआई) के भाग-छह के तहत राज्य के लिए 150 करो रुपये का प्रोत्साहन निर्धारित किया गया है। यह प्रोत्साहन दूरसंचार क्षेत्र में छह सुधार लक्ष्यों की प्राप्ति से जु ा है। राज्य ने इनमें से एक महत्वपूर्ण लक्ष्य पहले ही हासिल कर लिया है। 31 मार्च, 2026 तक लंबित सभी आरओडब्ल्यू आवेदनों का निपटारा कर दिया गया है, जिससे अधिकतम 22.5 करो रुपये के प्रोत्साहन का प्रावधान है। 150 करो रुपये के प्रोत्साहन पैकेज में आरओडब्ल्यू नियमों के क्रियान्वयन संबंधी आदेशों के लिए 45 करो रुपये, राज्य आरओडब्ल्यू पोर्टल के लिए 22.5 करो रुपये, पुराने लंबित आवेदनों के निपटारे के लिए अधिकतम 22.5 करो रुपये, औसत निपटारा अवधि को 45 दिन या उससे कम करने के लिए 7.5 करो रुपये, भारतनेट अनुपालन के लिए 37.5 करो रुपये तथा बिजली क्षेत्र से संबंधित आवश्यकताओं के अनुपालन के लिए 15 करो रुपये निर्धारित हैं। रस्तोगी ने संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करते हुए शेष सुधार लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने दूरसंचार परियोजनाओं की स्वीकृति प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने तथा उपलब्ध प्रोत्साहन का अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए निरंतर निगरानी पर जोर दिया।

डुसू चुनाव में हिंसा पर दिल्ली हाईकोर्ट सख्त, विजय जुलूस पर लगाई रोक

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ (डुसू) चुनाव के दौरान हुई हिंसा पर दिल्ली हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने छात्रसंघ चुनाव के दौरान जीत के जुलूस निकालने पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने चुनाव लड़ रहे सभी छात्र संगठनों और 140 उम्मीदवारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उनसे पूछा है कि चुनाव नियमों का उल्लंघन करने पर सामूहिक चुनावी हर्जाना क्यों न लगाया जाए। कोर्ट ने बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों के काफिले और हथियारों के इस्तेमाल पर भी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने सभी से 2 सप्ताह में जवाब मांगा है। इस मामले में अगली सुनवाई 6 नवंबर को होगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक तस्वीर को देखकर जिसमें एक छात्र को बंदूक लहराते हुए दिखाया गया है, कड़ी फटकार लगाई। दिल्ली हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ये छात्र कैसे हो सकते हैं। खुलेआम हथियार दिखा रहे हैं। ये वास्तविक छात्रों के मौकों को खा रहे हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी के नॉर्थ कैंपस में डीयूएसयू चुनाव प्रचार के दौरान हुई हिंसा की घटनाओं पर दिल्ली हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की।

इससे पहले गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने चेतावनी दी थी कि अगर पुलिस की कार्रवाई से वह संतुष्ट नहीं हुआ, तो वोटों की गिनती और नतीजों की घोषणा पर रोक लगा दी जाएगी। हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि लोकतंत्र को आपराधिक समाज में नहीं बदला जा सकता। हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा कि इतनी बड़ी पुलिस फोर्स तैनात होने के बावजूद यह सब कैसे हुआ? कोर्ट ने डीसीपी नॉर्थ से सवाल किया कि दिल्ली की सड़कों पर और नॉर्थ कैंपस के अंदर और आसपास बिना नंबर प्लेट और कैंडिडेट्स के नाम वाली एक भी गाड़ी को जाने की कैसे इजाजत दी गई? आप फोटो से इनकार नहीं कर सकते। 10-20 कारों का एक बड़ा काफिला था। इसकी इजाजत कैसे दी गई? अगर आप कहते हैं कि आपने काफी फोर्स तैनात की थी, तो इसकी इजाजत कैसे दी गई?

इस पर डीसीपी नॉर्थ ने कहा कि हम लगातार गाड़ियों की चेकिंग कर रहे हैं। कोर्ट ने पुलिस से पूछा कि इन गाड़ियों के काफिले से डर, आतंक और दबदबे की भावना पैदा होती है। आपने रोकने के लिए क्या कदम उठाए? उम्मीदवार कार की छत और आगे के बोनट पर खड़े हैं। क्या यह गुंडागर्दी नहीं है?

सुनवाई के दौरान एएसजी चेतन शर्मा ने कोर्ट को बताया कि 998 चालान किए गए हैं। जो वीडियो में दिख रहे हैं, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आरसी भी जब्त की जाएंगी। 6 एफआईआर और 4 अरेस्ट हुए हैं। जहां तक ट्रैफिक की बात है, तो इन सभी बिना लाइसेंस वाले वाहनों के 5,737 चालान किए गए हैं। कोर्ट ने पूछा कि टीचर पर हमले का क्या हुआ? क्या गिरफ्तार किया गया व्यक्ति स्टूडेंट है? इस पर एएसजी ने गिरफ्तार किए जाने की बात कही। कोर्ट ने पूछा कि क्या इस एक्शन के बारे में कॉलेज अथॉरिटीज को बताया गया था और इन स्टूडेंट्स के खिलाफ क्या एक्शन लिया गया है?

डीयू प्रशासन ने भी बताया कि हमने कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि हम इन सभी वायलेशन के लिए कलेक्टिव डैमेज लगाएंगे। आप लोगों ने अपने तरीके नहीं बदले। पिछले इलेक्शन में जो ऑर्डर पास हुआ था, उसे देखिए। कैंडिडेट के जीतने के बाद, उन्होंने एक टीचर को थप्पड़ मारा था?

हाईकोर्ट ने कहा कि हम किसी ऑर्गनाइजेशन के साथ अलग बर्ताव नहीं कर रहे हैं। हम सभी स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन को नोटिस जारी कर रहे हैं कि चुनावी नुकसान का मुआवजा क्यों न दिया जाए। हम सभी कैंडिडेट को भी नोटिस जारी कर रहे हैं। हमें उनकी लिस्ट और एड्रेस दिया जाए। स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया जाना चाहिए।

CMYK

page 8_Layout 1 18-09-2026 20:45 Page 1

पराली प्रबंधनः बेलर और पेलेट यूनिट की गाँव-वार मैपिंग पूरी : विवेक मोदी

बरनाला जिला प्रशासन का लक्ष्य 'ज़ीरो बर्निंग' (पराली न जलाना)

डेली आवाज भारती



बरनाला, (हेमन्त मित्तल) : बरनाला ज़िला प्रशासन मौजूदा धान के मौसम में पराली जलाने की घटनाओं को पूरी तरह रोकने और पराली का सही प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारी कर रहा है। इस संबंध में, डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह के निर्देशों पर एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (जनरल) श्री विवेक मोदी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक हुई। बैठक के दौरान,, ष्ठष्ट श्री विवेक मोदी ने कहा कि ज़िला प्रशासन 2026 तक %ज़ीरो बर्निंग% का लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी स्तरों पर व्यवस्थित रूप से काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उनके इस्तेमाल और वैज्ञानिक तरीके से निपटान को बढ़ावा देने के लिए %एक्स-सिटू% (खेत के बाहर) और %इन-सिटू% (खेत के अंदर) प्रबंधन प्रणालियों को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों के %एक्स-सिटू% प्रबंधन के लिए ज़िले में पहले ही लगभग 10 पेलेट यूनिट स्थापित की जा चुकी हैं, जबकि इनके संग्रह और भंडारण के लिए लगभग 10 बड़ी जगहों को चिह्नित किया जा रहा है। इसके अलावा, कटाई के बाद किसानों के लिए फसल अवशेषों के उचित निपटान को आसान बनाने के लिए बेलर और पेलेट यूनिट की गाँव-वार मैपिंग पूरी कर ली गई है।ष्ठष्ट ने कहा कि ज़िला प्रशासन की लगातार कोशिशों, कृषि विभाग द्वारा जागरूकता गतिविधियों, आधुनिक कृषि मशीनरी की उपलब्धता और किसानों के सहयोग की वजह से पिछले कुछ वर्षों में पराली जलाने की घटनाओं में काफी कमी आई है। उन्होंने बताया कि आग लगने की घटनाएं 2023 में 2,316 से घटकर 2024 में 262 और 2025 में और कम होकर सिर्फ़ 105 रह गई। इस तरह, 2023 की तुलना में 2025 में पराली जलाने की घटनाओं में 95 प्रतिशत से ज़्यादा की कमी दर्ज की गई। श्री विवेक मोदी ने कहा कि यह कमी ज़िला प्रशासन, विभिन्न विभागों और किसानों की सामूहिक कोशिशों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि अगला लक्ष्य इन घटनाओं को पूरी तरह खत्म करना और बरनाला को %ज़ीरो-बर्निंग% ज़िला बनाना है। ष्ठष्ट ने कृषि विभाग, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पुलिस प्रशासन, सहकारी समितियों और पंचायत विभाग को आपस में मिलकर काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि धान की कटाई से पहले किसानों को मशीनरी और फसल अवशेष प्रबंधन सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए, और जहाँ भी ज़रूरत हो, बेलर और दूसरी मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को %हॉटस्पॉट% गाँवों पर खास ध्यान देने और खेत में फसल अवशेष प्रबंधन गतिविधियों की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया। किसानों को समय पर मशीनरी उपलब्ध कराने और बेलर व पेलेट यूनिट के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। श्री मोदी ने कहा कि फसल अवशेष किसानों के लिए बोझ नहीं होने चाहिए; बल्कि, ये कीमती कृषि अपशिष्ट और आय का स्रोत बन सकते हैं। इसलिए, अवशेषों को जलाने के बजाय, किसानों को उनका सही ढंग से प्रबंधन करना चाहिए, जिससे पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ खेती में योगदान मिल सके। उन्होंने कहा कि ÷पराली न जलाएँ - पर्यावरण बचाएँ÷ का संदेश हर गाँव और हर किसान तक पहुँचाने के लिए जागरूकता अभियान को और तेज़ किया जाएगा। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. सुखपाल सिंह गिल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

नशा तस्करी गिरोह का सदस्य 10 किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों पर पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक और सफलता दर्ज करते हुए, काउंटर इंटेलिजेंस (सी.आई.) अमृतसर ने सीमा पार से नशा तस्करी करने वाले एक गिरोह के मुख्य संचालक को 10 किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार करके इस गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने आज यहां दी। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सहजप्रीत सिंह निवासी गांव जठौल (अमृतसर) के रूप में हुई है। यह कार्रवाई सी.आई. अमृतसर द्वारा सीमा पार से नशा तस्करी करने वाले एक अन्य गिरोह के चार व्यक्तियों की गिरफ्तारी के दो दिन बाद सामने आई है। इन आरोपियों के कब्जे से 27 किलो हेरोइन और एक विदेशी आधुनिक .×0 बोर पीएक्स5 पिस्तौल सहित तीन कारतूस बरामद किए गए थे। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी कथित तौर पर विदेश में बैठे एक तस्कर के संपर्क में था और उसके इशारे पर हेरोइन की खेप प्राप्त करके आगे सप्लाई कर रहा था। ऑपरेशन से संबंधित विवरण साझा करते हुए उन्होंने बताया कि सी.आई. अमृतसर की टीमों को पुख्ता सूचना मिली थी कि सहजप्रीत सिंह नामक व्यक्ति ने अपने घर के निकट ड्रोन के माध्यम से हेरोइन की एक बड़ी खेप प्राप्त की है और वह इस खेप को आगे सप्लाई करने की योजना बना रहा है। इसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने संदिग्ध व्यक्ति के घर पर छापा मारा और तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 10 किलो हेरोइन बरामद की। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में आगे-पीछे के संबंधों का पता लगाया जा रहा है और मामले से जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान करने तथा सीमा पार से नशा तस्करी करने वाले नेटवर्क को निष्क्रिय करने के लिए आगे की जांच जारी है।

एस.डी.एम. कार्यालय तपा में लगाया गया प्लेसमेंट कैंप

एस.डी.एम. आयुष गोयल ने युवाओं को मेहनत करने का दिया गुर

डेली आवाज भारती



तपा, (नवीन काली)। डिप्टी कमिश्नर बरनाला श्री हरप्रीत सिंह के नेतृत्व और एस.डी.एम. तपा श्री आयुष गोयल के सहयोग से जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो बरनाला द्वारा बेरोजगार युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आज एस.डी.एम. कार्यालय, तपा में विशेष प्लेसमेंट कैंप लगाया गया। इस अवसर पर कैंप का उद्घाटन करते हुए एस.डी.एम. तपा श्री आयुष गोयल ने कहा कि पंजाब सरकार के निर्देशों के तहत युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए ऐसे प्रयास लगातार किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मिल सके। उन्होंने युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए लगातार मेहनत करने का संदेश दिया। जिला रोजगार अधिकारी नवजोत कौर ने बताया कि इस कैंप के दौरान 400 से अधिक पदों पर भर्ती के लिए युवाओं से आवेदन करवाए गए तथा इंटरव्यू भी लिए गए। कैंप में एक्सिस बैंक, रेक्सा सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, लोटस ग्लोबल एंटरप्राइजेज लिमिटेड, मिडलैंड माइक्रो फाइनेंस तथा सेफॉन सन सिक्योरिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड सहित विभिन्न कंपनियों ने भाग लिया। इन कंपनियों द्वारा असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स ऑफिसर, सिक्योरिटी गार्ड, रिंग फ्रेम ऑपरेटर, वाइंडिंग ऑपरेटर, स्टिचर, फील्ड ऑफिसर, गनमैन, कंप्यूटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, हाउसकीपिंग/कुक, हेल्पर, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, मैकेनिकल आदि विभिन्न पदों के लिए युवाओं से आवेदन करवाए गए। कैंप के दौरान युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से डेयरी विभाग, मत्स्य पालन विभाग और कॉमन सर्विस सेंटर की ओर से स्वरोजगार प्रशिक्षण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

सांप के डसने पर घबराएं नहीं, तुरंत करवाएं चिकित्सकीय उपचारः सिविल सर्जन

घाव वाले हिस्से को कसकर न बांधने की सलाह

डेली आवाज भारती



बरनाला/नवीन सिंगला। स्वास्थ्य विभाग बरनाला की ओर से ÷अंतरराष्ट्रीय सांप के डसने पर जागरूकता दिवस÷ के संबंध में स्वास्थ्य संस्थानों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई, ताकि सांप के डसने के बाद समय पर उपचार करवाकर लोगों की बहुमूल्य जानें बचाई जा सकें। प्रभारी सिविल सर्जन बरनाला डॉ. गुरमिंदर कौर औजला (डिप्टी मेडिकल कमिश्नर) के नेतृत्व में टीम ने मरीजों को इस संबंध में जागरूक किया। सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. इंदू बांसल और सिविल अस्पताल बरनाला के एम.डी. मेडिसिन डॉ. करनदीप सिंह ने बताया कि सांप के डसने के तुरंत बाद चिकित्सकीय सहायता लेना बेहद जरूरी है। समय पर उपचार मिलने से बहुमूल्य जान बचाई जा सकती है। व्यक्ति को जल्द से जल्द नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाना चाहिए। एंटी-वेनम इंजेक्शन इसका सबसे प्रभावी उपचार है, जो जिले के सिविल अस्पताल बरनाला, सब-डिविजनल अस्पताल तपा तथा कम्युनिटी हेल्थ सेंटर महल कलां और धनौला में उपलब्ध है। जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. मुनीश कुमार ने बताया कि सांप के डसने पर सबसे पहले मरीज को शांत रखना जरूरी है, क्योंकि डर के कारण दिल की धड़कन तेज हो जाती है, जिससे जहर शरीर में तेजी से फैल सकता है। घाव वाले हिस्से को कसकर नहीं बांधना चाहिए, क्योंकि इससे ऊतकों को नुकसान हो सकता है। डसने वाली जगह से जहर को मुंह से चूसने का प्रयास भी नहीं करना चाहिए। घाव को साबुन और पानी से साफ करके गीले कपड़े से ढकना चाहिए। उन्होंने कहा कि सांप या किसी जहरीले जीव के डसने पर तुरंत 108 नंबर पर एंबुलेंस को फोन करें और जितनी जल्दी हो सके व्यक्ति को नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाकर उचित उपचार करवाएं।

102 ग्राम हेरोइन के साथ कथित नशा तस्कर गिरफ्तार

- लोहारा रोड से साहनेवाल पुलिस की कार्रवाई, आरोपी के खिलाफ पहले भी दो मामले दर्ज

डेली आवाज भारती



लुधियाना, (रवीश कपूर, डेली आवाज़ भारती) : लुधियाना पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक व्यक्ति को 102 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पुलिस कमिश्नर लुधियाना श्री स्वपन शर्मा, आई.पी.एस. के दिशा-निर्देशों के तहत यह कार्रवाई की गई। इस अभियान की निगरानी श्री गुरसेवक सिंह बराड़, पी.पी.एस., डिप्टी कमिश्नर पुलिस, ग्रामीण लुधियाना; श्री करणवीर सिंह, पी.पी.एस., अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर पुलिस, जोन-2 लुधियाना तथा श्री अंगरेज सिंह, पी.पी.एस., सहायक कमिश्नर पुलिस, दक्षिणी लुधियाना द्वारा की जा रही थी। थाना साहनेवाल के प्रभारी इंस्पेक्टर दलवीर सिंह के नेतृत्व में सहायक थानेदार नवजोत सिंह, इंचार्ज पुलिस चौकी कंगणवाल और पुलिस पार्टी ने 17 सितंबर 2026 को राधा स्वामी सत्संग घर के गेट नंबर-3 से बापू मार्केट की ओर, लोहारा रोड पर पैदल जा रहे एक व्यक्ति को काबू किया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान जस्करण मंडेर उर्फ जस्सी पुत्र सुरिंदर सिंह, निवासी गली नंबर 2/3, हीरो सुमन नगर, गांव जसपाल बांगर, थाना साहनेवाल, लुधियाना के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 102 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। बरामदगी के संबंध में थाना साहनेवाल, लुधियाना में मुकदमा नंबर 308, दिनांक 17 सितंबर 2026, धारा 21/61/85 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी के खिलाफ थाना साहनेवाल में पहले भी दो मामले दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपी से नशे की सप्लाई और उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है।


मॉडल करियर सेंटर की ओर से प्लेसमेंट कैंप 21 से 25 सितंबर तक


कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): मॉडल करियर सेंटर, एस.ए.एस. नगर की ओर से 21 सितंबर, सोमवार से 25 सितंबर 2026 तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन अल्टीमेट जिम सॉल्यूशन, कुराली, एस.ए.एस. नगर में किया जा रहा है। मॉडल करियर सेंटर के डिप्टी डायरेक्टर हरप्रीत सिंह मानशाहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की ओर से उम्मीदवारों को रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से यह प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप में हेल्पर, फिटर, वेल्डर और हाउसकीपिंग बॉय के पदों के लिए 10वीं, 12वीं और आई.टी.आई. पास उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को कंपनी के नियमों के अनुसार वेतन दिया जाएगा और नौकरी का स्थान मोहाली होगा। उन्होंने उम्मीदवारों से अपील की कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। नौकरी के इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता के सभी मूल प्रमाणपत्र, उनकी फोटो कॉपियां और रिज्यूमे साथ लेकर फॉर्मल ड्रेस में निर्धारित समय पर अल्टीमेट जिम सॉल्यूशन, प्लॉट नंबर ष्ट-74, 75, 76, फोकल प्वाइंट चनालों इंडस्ट्रियल एरिया, कुराली, एस.ए.एस. नगर में पहुंचें। इस प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का टी.ए./डी.ए. देय नहीं होगा।

नलों से आ रहा गंदा पानी, वार्ड नंबर 29 कच्चा कालज रोड की गली नंबर 12 में लोग परेशान

नलों से आ रहा गंदा पानी, वार्ड नंबर 29 कच्चा कालज रोड की गली नंबर 12 में लोग परेशान

डेली आवाज भारती





बरनाला/कशिश : जहां जल ही जीवन है कहा जाता है, वहीं अगर घरों के नलों से साफ पानी की जगह गंदा पानी आने लगे तो लोगों की परेशानी बढ़ना स्वाभाविक है। वार्ड नंबर 29 के कच्चा कालज रोड की गली नंबर 12 में पिछले कुछ दिनों से घरों में गंदे पानी की सप्लाई आने से लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है कि उन्हें मजबूरी में इसी पानी का इस्तेमाल घर की जरूरतों के लिए करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी अजय कुमार ने बताया कि उनके घर में पिछले कई दिनों से लगातार बेहद गंदा पानी नलों से आ रहा है। पानी इतना खराब है कि इसे पीने के लिए इस्तेमाल करना तो दूर, रोजमर्रा के कामों में भी उपयोग करना मुश्किल है। इसके बावजूद पानी की जरूरत के चलते लोग मजबूरी में इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। अजय कुमार के मुताबिक यह समस्या केवल उनके घर पर नहीं है, बल्कि गली के कई घरों में इसी तरह गंदा पानी पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि कच्चा कालज रोड में आए दिन इस प्रकार की समस्या आती रहती है। लोगों को साफ पानी मोहीया कराने मे नगर निगम पुरी तरह फेल हो रही है गली के निवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि पानी की सप्लाई व्यवस्था की जांच करवाकर गंदे पानी की समस्या का पका हल निकाला किया जाए ताकि लोगों को साफ पीने लायक पानी उपलब्ध हो सके। स्थानीय लोगो ने चिंता जताई कि गंदे पानी से बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। लोगों ने से जल्द मौके का निरीक्षण करवाकर पानी की पाइपलाइन और सीवरेज व्यवस्था की जांच कराने की मांग की है।

श्री रामलीला कमेटी की सर्वसम्मति से रजत बंसल लक्की बने प्रधान

श्री रामलीला कमेटी की सर्वसम्मति से रजत बंसल लक्की बने प्रधान

डेली आवाज भारती



श्री रामलीला कमेटी बरनाला के नवनियुक्त प्रधान रजत बंसल लक्की को सम्मानित करते कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य।

बरनाला/कशिश । श्री रामलीला कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से रजत बंसल लक्की को कमेटी का प्रधान चुना गया। कमेटी के ट्रस्टी सदस्यों ने रजत बंसल लक्की के नाम पर सहमति जताते हुए उन्हें जिम्मेदारी सौंपी। कमेटी की टीम बनाने के लिए सभी अधिकार उन्हें सौंपे गए। प्रधान चुने जाने के बाद सदस्यों ने उनका स्वागत किया और आगामी आठ अक्तूबर से शुरू होने वाली श्री रामलीला मंचन को सफल बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का भरोसा दिलाया। नवनियुक्त प्रधान रजत बंसल लक्की ने कमेटी के सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वह पूरी लगन, निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि श्री रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला मंच है। इसलिए आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित बनाने के लिए सभी साथियों को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्री रामलीला के मंचन से जुड़ी तैयारियां समय पर पूरी की जाएंगी। कलाकारों, मंच व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा तथा श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। कमेटी के वरिष्ठ सदस्यों के अनुभव और युवाओं की ऊर्जा का समन्वय करते हुए आयोजन को बेहतर बनाने का प्रयास रहेगा। रजत बंसल लक्की ने कहा कि कमेटी के प्रत्येक ट्रस्टी सदस्य व कलाकार की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी के सहयोग से ही श्री रामलीला का मंचन सफलतापूर्वक संपन्न हो सकता है। उन्होंने शहरवासियों से भी अपील की कि वे परिवार सहित श्री रामलीला मंचन में पहुंचकर धार्मिक आयोजन की शोभा बढ़ाएं और भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें। इस अवसर पर ट्रस्टी बलदेव कृष्ण मक्खन, हेमंत राजू , रतन खीप्पल, सतपाल गांधी,कपिल गर्ग, विनोद शर्मा,हरीश चोपड़ा भोलू, राकेश बब्बलू, राजिंदर सिंगला,सतपाल सत्ता, बंटी शोरी, राजिंदर गर्ग,नाभ चंद जिंदल , जसपाल जस्सी, गोपाल शर्मा ,राकेश गोयल, सचिन टोनू चोपड़ा, जीवन बांसल डड्डी उपस्थित थे। ट्रस्टी नरिंदर चोपड़ा, बीरबल ठेकेदार, विपिन धरणी आस्टरेलियां ने भी संदेश के द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

पंजाबियों को उड़ता पंजाब नहीं, उभरता पंजाब चाहिए : नितिन नबीन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पठानकोट से शुरू की पहली नशा मुक्त पंजाब यात्रा

डेली आवाज भारती



पठानकोट। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने शुक्रवार को पठानकोट से पहली नशा मुक्त पंजाब यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 'भाजपा का नारा, नशा मिटाना सारा' के संकल्प के साथ शुरू हुई यह नशा मुक्त यात्रा 30 सितंबर को जालंधर में समाप्त होगी। इस अवसर पर नितिन नबीन ने नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लडने का आह्वान किया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह बादल और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नशे के खिलाफ लड़ाई को लोक आंदोलन बनाने की बात कही। केसरी दस्तार सजाकर मंच पर पहुंचे नितिन नबीन ने संबोधित करते हुए कहा कि पंजाबियों को उड़ता पंजाब नहीं, उभरता पंजाब चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सत्ता के दम पर भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब करके पंजाब को नशे से बर्बाद किया, उनके खिलाफ निर्णायक लड़ाई लडने का समय आ गया है। भारतीय जनता पार्टी की नशे के खिलाफ लड़ाई का मूल मंत्र साझा करते हुए नितिन नबीन ने कहा कि नशा तस्करों पर वार करना, नशे के सप्लाई नेटवर्क को तोडना, ड्रग मनी जब्त करना, नशे के शिकार लोगों का पुनर्वास करना और समाज के सहयोग से नशे के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाना उनकी रणनीति का हिस्सा होगा। नितिन नबीन ने कहा कि देश में भाजपा जो संकल्प लेती है, उसे पूरा करती है। धारा 370 हटाने के संकल्प को पूरा करने के लिए लंबा संघर्ष किया गया तथा आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म किया गया। उन्होंने कहा कि अब भाजपा ने 2 अगस्त को देश में नशे को खत्म करने का संकल्प लिया है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश लेकर पंजाब की धरती से इसकी शुरुआत करने आया हूं। यह भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है, इसलिए नशे को खत्म भी हम ही करेंगे। नितिन नबीन ने कहा कि नशा पंजाब की पहचान या ताकत नहीं हो सकता। पंजाब की पहचान उसकी विरासत, विचार और नौजवान होनी चाहिए। पंजाब की पहचान गुरुओं की बाणी, किसानों के पसीने और खिलाडि ों के जज्बे से होती थी। पंजाब के लोग खुद नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे। पंजाब भाजपा के अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह जुटान कोई राजनीतिक रैली नहीं है, बल्कि हम माताओं-बहनों का दुख बांटने आए हैं। उन्होंने कहा कि यह एक लोक आंदोलन है, जिसके तहत हम 117 विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प के अनुसार अगले दो वर्षों में नशे को जड़ से खत्म करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह बादल ने कहा कि आज पंजाब अपनी पहचान खोता जा रहा है। पंजाब की जो तस्वीर पहले हुआ करती थी, अब वह तस्वीर नहीं रही। अश्वनी शर्मा ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी से संबंधित ऐतिहासिक स्थल से यात्रा शुरू करके भाजपा ने नशे के खिलाफ लोक आंदोलन शुरू किया है। इसका बैनर राजनीतिक हो सकता है, लेकिन समस्या घर-घर की है।

CMYK